महावीर ग्रंथ अकादमी-पंचम पुष्प

आचार्य सोमकीर्ति एवं ब्रह्म यशोधर

[१६ वीं शताब्दि के पांच प्रतिनिधि कवियों—आचार्य सोमकीर्ति, सांगु, ब्रह्म गुणकीर्ति, भ. यशःकीर्ति एवं ब्रह्म यशोधर के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ में उनकी २७ कृतियों के मूल पाठों का संकलन]

लेखक एवं सम्पादक

डॉ० कस्तूरचन्द कासलीवाल

एम. ए., पी-एच. डी., शास्त्री

प्रकाशक

श्री महावीर ग्रंथ अकादमी, जयपुर

प्रथम सस्करण १९८२ भाद्रपद २५०९ प्रतिया १०००

प्रकाशक – श्री महावीर ग्रंथ अकादमी
८६७, अमृत कलश, बरकत कालोनी,
किसान मार्ग, टोंक रोड,
जयपुर – ३०२ ०१५.

मुद्रक – मनोज प्रिन्टर्स,
७९९, गोदीको का रास्ता,
किशनपोल बाजार,
जयपुर – ३०२ ००३
फोन · ६७९६७

श्री महावीर ग्रन्थ अकादमी
एक परिचय

राजस्थानी एवं हिन्दी के विकास मे जैन कवियो का सर्वाधिक योगदान रहा है। उन्होने अपनी अनगिनत रचनाओ से इसके भण्डार को समृद्ध बनाया है और बिना नाम एव यशलिप्सा के वे अपनी सेवाये देते रहे हैं। राजस्थानी एव हिन्दी भाषा के विशाल साहित्य को देखना हो तो हमे राजस्थान, देहली, आगरा आदि के जैन ग्रथागारो मे सग्रहीत साहित्य को देख सकते हैं। लेखक को प० अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ के सहयोग से राजस्थान के जब विभिन्न ग्रथागारों के हस्तलिखित ग्रंथो की सूची बनाने का अवसर मिला तो हिन्दी के विशाल कृतियो को देख कर हृदय गदगद हो गया और उनके रचयिताओ के प्रति सहज श्रद्धा उमड पडी। राजस्थान के जैन ग्र थागारो मे संग्रहीत ग्रथो के सूचीपत्र तो पाच भागो मे प्रकाशित हो गये लेकिन राजस्थानी एव हिन्दी भाषा मे निबद्ध साहित्य के प्रकाशन की कोई योजना नहीं बन सकी। यद्यपि राजस्थान के जैन सन्त एव महाकवि दौलतराम कासलीवाल-व्यक्तित्व एव कृतित्व इन दो कृतियो के प्रकाशन से जैन कवियो द्वारा निबद्ध हिन्दी साहित्य की विशालता की विद्वानो को अवश्य जानकारी मिली लेकिन पचासो ऐसी महत्त्वपूर्ण कृतिया प्रकाश मे आने से रह गयी जो हिन्दी साहित्य के लिये अनुपम कृतिया हैं। इसलिये एक ऐसी सस्था की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी जो योजनाबद्ध प्रकाशन कार्य कर सके।

सन् १९७७ के प्रारम्भ मे श्री महावीर ग्रथ अकादमी के नाम से जयपुर मे एक स्वतन्त्र सस्था की स्थापना की गयी जिसका प्रमुख उद्देश्य समस्त हिन्दी जैन साहित्य को पचवर्षीय योजना के अन्तर्गत निम्न प्रकार २० भागो मे प्रकाशित करने की योजना बनायी गयी।

१. महाकवि ब्रह्म रायमल्ल एवं भट्टारक त्रिभुवनकीर्ति	प्रकाशित
२. कविवर बूचराज एव उनके समकालीन कवि	,,
३. महाकवि ब्रह्म जिनदास-व्यक्तित्व एव कृतित्व	,,
४. भट्टारक रत्नकीर्ति एव कुमुदचन्द्र	,,
५. आचार्य सोमकीर्ति एवं ब्रह्म यशोधर	,,

६ बुलाकीचन्द, बुलाकीदास एवं हेमराज
७. कविवर वीरचन्द एवं महिचन्द
८ रूपचन्द जगजीवन एवं ब्रह्म कपूरचन्द
९. विद्याभूषण, ज्ञानसागर एवं जिनदास पाण्डे
१०. महाकवि भूधरदास
११ कविवर द्यानतराय
१२ प० भगवतीदास एवं भाउ कवि
१३. जोधराज गोदीका एवं उनके समकालीन कवि
१४. खुशालचन्द काला एवं अजयराज पाटनी
१५. कविवर किशनसिंह नथमल बिलाला एवं पाण्डे लालचन्द
१६. कविवर बुधजन एवं उनके समकालीन कवि
१७. कविवर नेमिचन्द एवं हर्षकीर्ति
१८. भैय्या भगवतीदास एवं छत्तदास
१९. मनराम, मन्ना साह एवं लोहट कवि
२०. २० वी शताब्दि के जैन कवि

हिन्दी जैन साहित्य तो इतना विशाल है कि पूरे साहित्य के लिये ५० भाग भी कम रहेंगे लेकिन अकादमी की योजना को अभी २० भागो तक ही सीमित रखने का निर्णय लिया है ।

योजना का क्रियान्वय

उक्त योजना तैय्यार होने के पश्चात् उसके क्रियान्वय मे एक वर्ष निकल गया । योजना को समाज मे साहित्य प्रेमियो के पास अकादमी का सदस्य के रूप मे सहयोग प्राप्त करने के लिये भेजा गया । विद्वानो से योजना के सम्बन्ध मे विचार विमर्श किया गया । मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि समाज के सभी महानुभावो ने अकादमी की स्थापना का स्वागत किया और अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया । जिन महानुभावो का अकादमी की प्रकाशन योजना को प्रारम्भिक समर्थन मिला इनमे सर्व श्री स्व० श्री साहु शान्तिप्रसाद जी जैन, गुलाबचन्द जी गगवाल रेनवाल, अजितप्रसाद जी जैन ठेकेदार देहली, डा० दरबारीलाल जी कोठिया वाराणसी, प० अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ जयपुर, डा० कोकिला सेठी, सेठ कन्हैयालाल जी मद्रास, कमलचन्द जी कासलीवाल जयपुर, कन्हैयालाल जी सेठी जयपुर, श्रीमती सुदर्शनदेवी जी छाबडा, सुशीला देवी जी बाकलीवाल के नाम विशेषत उल्लेखनीय

है। अकादमी का प्रथम पुष्प जून १६७८ में प्रकाशित होकर सामने आया तब तक अकादमी के १०० सदस्यो की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी थी।

"महाकवि ब्रह्म रायमल्ल एव भट्टारक त्रिभुवनकीर्ति" नामक प्रथम भाग मे १६-१७ वी शताब्दि के प्रतिनिधि कवि ब्रह्म रायमल्ल ने राजस्थान के अधिकाश नगरो को अपनी साहित्यिक सुरभि मे सुरभित किया था। जुलाई १६७६ मे अकादमी के दूसरे भाग का एक भव्य समारोह मे विमोचन किया गया जिसमे १६ वी शताब्दि के बूचराज, छीहल, ठक्कुरसी, चतुरुमल एव गारवदास जैसे प्रतिनिधि कवियों का जीवन परिचय, मूल्याकन एव उनकी सभी कृतियो के मूल पाठो को सुसम्पादित करके प्रकाशित किया गया। अकादमी का तीसरा भाग "महाकवि ब्रह्म जिनदास-व्यक्तित्व एव कृतित्व" का मारवाड राजस्थान के पाचवा ग्राम मे पञ्चकल्याणक के अवसर पर पूज्य क्षुल्लकरत्न सिद्धसागर जी महाराज के करकमलों द्वारा विमोचन किया गया। इसके लेखक डा० प्रेमचन्द रावका हैं जो एक उदीयमान युवा विद्वान है।

अकादमी का चतुर्थ भाग गत वर्ष नवम्बर १६८१ मे बिहार के भागलपुर नगर मे इन्द्रध्वज विधान के अवसर पर क्षुल्लकरत्न पूज्य सिद्धसागर जी महाराज लाडनूवालो के करकमलो द्वारा सम्पन्न हुआ। पूज्य क्षुल्लक जी महाराज स्वयं अच्छे लेखक एव प्रभावक वक्ता हैं तथा साहित्य प्रकाशन मे विशेष रूचि लेते रहते हैं। अकादमी पर आपकी विशेष कृपा दृष्टि है।

अकादमी का पञ्चम भाग "आचार्य सोमकीर्ति एव ब्रह्म यशोधर" पाठको के हाथो मे देने मे हमे बडी प्रसन्नता है। इसमे १६ वी शताब्दि के पाच कवियो आचार्य सोमकीर्ति, सागू, ब्र० गुणकीर्ति, भ० यशकीर्ति एव ब्रह्म यशोधर के जीवन, व्यक्तित्व एव कृतित्व पर विशद प्रकाश डाला गया है तथा उनकी अब तक उपलब्ध सभी ३६ कृतियो के मूल पाठ दिये गये हैं इन कवियो की रचनायें १६ वी शताब्दि की प्रतिनिधि रचनाये है जो भाव, भाषा, शैली एव वर्णनकी दृष्टि मे राजस्थानी की महत्वपूर्ण कृतिया है। हमारा यह दृढ विश्वास है कि इसके प्रकाशन से हिन्दी साहित्य के इतिहास मे महत्त्वपूर्ण मोड आ सकेगा।

इस प्रकार अब तक पाचो भागो मे १६ वी १७ वी शताब्दि के २२ प्रतिनिधि कवियो का जीवन, व्यक्तित्व एव कृतित्व के साथ २ उनकी १६० छोटी बडी कृतियो के मूल पाठो का भी प्रकाशन किया जा चका है।

षष्टम भाग

अकादमी का षष्टम भाग कविवर बुलाकीचन्द, बुलाकीदास, एवं हेमराज के नाम से रहेगा। तीनो ही कवि १८ वी शताब्दि के प्रथम एव द्वितीय चरण के कवि है।

इनमे बुलाकीचन्द तो साहित्यिक जगत के लिये एक दम नवीन कवि हैं जिनका साहित्यिक जगत् को प्रथम बार परिचय मिलेगा। इस वर्ष दीपावली तक इसके प्रकाशन की आशा की जाती है।

विद्वानों का सहयोग

यह प्रसन्नता का विषय है कि अकादमी के प्रकाशनो मे जैन विद्या के सभी मनीषियों का सहयोग प्राप्त है। अब तक जिन विद्वानों का सहयोग प्राप्त हो चुका है इनमें हिन्दी जगत के मूर्द्धन्य विद्वान डा० सत्येन्द्र जी जयपुर, डा० हीरालाल महेश्वरी जयपुर, डा० दरबारी लाल कोठिया वाराणसी, डा० ज्योतिप्रसाद जैन लखनउ, डा० नेमिचन्द जैन इन्दौर, प० अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ जयपुर, प० मिलापचन्द शास्त्री जयपुर, डा० नरेन्द्र भागवत जयपुर, प० भवरलाल न्यायतीर्थ जयपुर, डा० भागचन्द भागेन्दु दमोह, श्रीमती सुशीला बाकलीवाल जयपुर के नाम उल्लेखनीय है। प्रस्तुत भाग के सम्पादन मे डा० महेन्द्र कुमार प्रचण्डिया अलीगढ, नाथूलाल जी जैन जयपुर एवं डा० कोकिला सेठी जयपुर का जो सहयोग प्राप्त हुआ है इसके लिये हम उनके पूर्ण आभारी हैं। डा० प्रचण्डिया जैन विद्या के जाने माने विद्वान है, जिनके निर्देशन मे बीसो शोद्यार्थी अपनी शोध पूरी कर चुके है। श्री नाथूलाल जी जैन राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध विद्वान हैं जो वर्तमान मे राजस्थान के महाधिवक्ता पद पर कार्य कर रहे है इसके पूर्व आप केन्द्रीय भाषा आयोग के एव राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य रह चुके है। डा० कोकिला सेठी उदीयमान विदुषी है।

नये सदस्यों का स्वागत

अकादमी के अब तक ३७० सदस्य बन चुके है जिनमे १०० सदस्य सचालन समिति एव २७० विशिष्ट सदस्य हैं। चतुर्थ भाग के प्रकाशन के पश्चात् सर्व श्री निर्मल कुमार जी सा० सेठी, महावीर प्रसाद जी सा० सेठी सरिया (बिहार) एव श्री कमलचन्द जी सा० कासलीवाल सरक्षक सदस्य बने है। श्री निर्मलकुमार जी सा. सेठी के नाम से सारा समान परिचित है। आपने दि० जैन महासभा के अध्यक्ष के रूप मे समाज को जो नेतृत्व प्रदान किया है उससे समाज मे एक नयी चेतना आयी है। श्री महावीर प्रसाद जी सा० सेठी बिहार के कुशल व्यवसायी एव धर्म प्रेमी सज्जन हैं। अपने गाव सरिया मे आपने एक विशाल जैन भवन का निर्माण कराने के अतिरिक्त समय २ पर आप सामाजिक एव धार्मिक कार्यों मे विशेष रूचि लेते रहते हैं। श्री कमलचन्द जी कासलीवाल जयपुर के प्रसिद्ध उद्योगपति हैं। जयपुर मे सन्मति पुस्तकालय के विकास मे आपका प्रशसनीय योगदान रहा है। इसी तरह जयपुर मे टोडरमल स्मारक भवन के सस्थापक निर्माता श्री पूरणचन्द जी गोदीका अपनी दानशीलता के लिये सारे समाज मे प्रसिद्ध हैं। श्री गोदीका जी ने अकादमी

का कार्याध्यक्ष बनने की स्वीकृति प्रदान की है। इनके अतिरिक्त श्री रतनलाल जी विनायक्या भागलपुर, सम्पत कुमार जी जैन कटक, पदम कुमार जी जैन नेपालगज, डा० ताराचन्द जी बख्शी जयपुर ने अकादमी के उपाध्यक्ष बनने की कृपा की है। हम उक्त सभी महानुभावों के पूर्ण आभारी हैं : आप सभी ने अकादमी का सदस्य बनकर उसको गौरव प्रदान किया है।

परम सरक्षक

मूडबिद्री के युवा भट्टारक स्वामी स्वस्ति श्री चारुकीर्ति पडिताचार्यजी महाराज की अकादमी पर प्रारम्भ से ही विशेष कृपा रही है। अकादमी की साहित्य प्रकाशन योजना के आप पूर्ण समर्थक है तथा आपका उसे पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त है। भट्टारकजी की साहित्यिक एव धार्मिक सेवाओ पर अकादमी के पाँच पुष्पो मे जिस प्रकार प्रकाश डाला गया है उससे आपने सन्तुष्ट होकर अकादमी का परम सरक्षक बनने की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकार परम सरक्षक के रूप मे भट्टारकजी महाराज का आशीर्वाद अकादमी के लिए एक उपलब्धि है। आशा है अन्य साहित्य प्रेमी महानुभाव भी इस प्रकार सहयोग देने की कृपा करेगे।

सहयोग

अकादमी की साहित्य प्रकाशन योजना को वैसा तो समाज का पूर्ण सहयोग मिलता रहा है लेकिन हम पूज्य क्षुल्लकरत्न सिद्धसागरजी महाराज, मागीलालजी सा सेठी सुजानगढ, श्रीमती चन्द्रकलाजी रावका रामगज मडी, जयकुमारजी जैन मुलतान वाले जयपुर एव ताराचन्दजी प्रेमी फिरोजपुर झिरका के विशेष आभारी हैं जिन्होने अकादमी के सदस्य बनाने मे विशेष रुचि ली है।

डा. कस्तूरचन्द कासलीवाल

जयपुर — निदेशक एव प्रधान सम्पादक

संरक्षक की ओर से

श्री महावीर ग्रथ अकादमी का पञ्चम पुष्प "आचार्य सोमकीर्ति एवं ब्रह्म यशोधर" को पाठको के हाथो मे देते हुए हमे अतीव प्रसन्नता है। इस प्रकार अकादमी की २० भागो के प्रकाशन की योजना का २५ प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस पुष्प के साथ अब तक जिन अज्ञात एवं अल्प-ज्ञात हिन्दी जैन कवियो के व्यक्तित्व एव कृतित्व पर प्रकाश डाला जा चुका है। उनका विवरण निम्न प्रकार है—

	कवि का नाम	समय	मूल कृतियो की सख्या	भाग
१	महाकवि ब्रह्म रायमल्ल	१६–१७वी शताब्दी	४	प्रथम
२	भट्टारक त्रिभुवनकीर्ति	,,	१	,,
३	कविवर बूचराज	१६वी शताब्दी	८	द्वितीय
४	,, छीहल	,,	६	,,
५	,, ठक्कुरसी	,,	१३	,,
६	,, गारवदास	,,	१	,,
७	,, चुतुरुमल	,,	२	,,
८	महाकवि ब्रह्म जिनदास	१५वी शताब्दी	१४	तृतीय
९	भट्टारक रत्नकीर्ति	१७वी शताब्दी	३७	चतुर्थ
१०	,, कुमुदचन्द	,,	६३	,,
११	,, अभयचन्द	,,	१	,,
१२	,, शुभचन्द	,,	३	,,
१३	,, रत्नचन्द	,,	—	,,
१४	,, श्रीपाल	,,	१	,,
१५	,, जयसागर	,,	—	,,
१६	,, चन्द्रकीर्ति	,,	—	,,
१७	,, गणेश	,,	—	,,
१८	आचार्य सोमकीर्ति	१६वी शताब्दी	४	पञ्चम
१९	कविवर सागु	,,	१	,,

२०	ब्रह्म गुणकीर्ति	१६वी शताब्दी	१	पञ्चम
२१	भट्टारक यश.कीर्ति	,,	४	,,
२२	ब्रह्म यशोधर	,,	२६	,,
			१६०	

इस प्रकार १६वी एव १७वी शताब्दी के २२ प्रतिनिधि कवियो का मूल्याङ्कन एव उनकी छोटी-बडी १६० कृतियो का प्रकाशन एव महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसके लिए अकादमी के निदेशक एव प्रधान सम्पादक डॉ० कासलीवाल अभिनन्दनीय हैं। वास्तव मे डॉ० कासलीवाल का यही प्रयत्न रहा है कि अज्ञात कोनो मे से प्राचीन सामग्री एव परम्पराओ का अन्वेषण कर उन्हे प्रकाश मे लावें। प्रस्तुत ग्रन्थ भी उनकी इसी शुभवृत्ति का सुफल है। प्रस्तुत ग्रथ के लेखक एव प्रधान सम्पादक भी डॉ कासलीवाल ही हैं। वैसे तो वे गत ३५ वर्षों से साहित्यिक कार्यों मे सलग्न हैं लेकिन गत ४ वर्षों से तो उनका पूरा समय ही साहित्य देवता के लिए समर्पित है।

पचम भाग के सम्पादक मण्डल के सदस्यो मे डॉ० महेद्रसागर प्रचडिया अलीगढ, श्री नाथूलाल जैन, मुख्य अधिवक्ता राजस्थान सरकार, जयपुर एव श्रीमती डॉ० कोकिला सेठी हैं। तीनो ही विद्वानो ने प्रस्तुत ग्रथ के सम्पादन मे जो परिश्रम किया है उसके लिए हम इनके आभारी हैं। आशा है अकादमी को सभी विद्वानो का भविष्य मे भी सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

अकादमी की लोकप्रियता मे निरन्तर वृद्धि हो रही है। चतुर्थ भाग का विमोचन पूज्य क्षुल्लक रत्न १०५ श्री सिद्धसागर जी महाराज द्वारा भागलपुर मे इन्द्रध्वज विधान महोत्सव पर हुआ था और उन्ही की प्रेरणा से विमोचन समारोह मे मैंने स्वय ने देखा था कि, उपस्थित समाज ने अकादमी की साहित्यिक योजना मे अपना पूर्ण सहयोग देने मे प्रसन्नता प्रकट की थी। चतुर्थ भाग के प्रकाशन के पश्चात् अ. भा. दि. जैन महासभा के उत्साही अध्यक्ष एव श्रावक रत्न श्री निर्मलकुमार जी सेठी,सरिया लखनऊ (बिहार) के प्रसिद्ध समाज सेवी श्री महावीर प्रसाद जी सेठी एव जयपुर के उद्योगपति श्री कमलचन्द जी कासलीवाल ने अकादमी का सरक्षक सदस्य बनने की अतिकृपा की है उसके लिए हम तीनो ही महानुभावो के आभारी है। इसी तरह मूडबिद्री के भट्टारक एव पण्डिताचार्य स्वस्ति श्री चारुकीर्ति जी महाराज ने अकादमी का परम सरक्षक बनने की स्वीकृति दी है। भट्टारक जी महाराज स्वय साहित्य-प्रेमी, अच्छे वक्ता एव लेखक है। अकादमी को आपके द्वारा जो सरक्षण प्राप्त हुआ है हम उसके लिये पूर्णाभारी हैं। वैसे अकादमी के पाँचो ही प्रकाशन मध्य काल मे होने वाले भट्टारको एव उनके शिष्य प्रशिष्यो की अभूतपूर्व साहित्यिक सेवा के

परिचायक हैं। वास्तव मे डॉ० कासलीवाल ने अपने इन प्रकाशनो द्वारा भट्टारकों के साहित्यिक एव सास्कृतिक योगदान को पुन प्रकाश मे लाकर समाज का प्रशस्त मार्गदर्शन किया है।

चतुर्थ भाग के विमोचन के पश्चात् हम सभी नये उपाध्यक्षो–सर्वश्री लेखचन्द बाकलीवाल, पद्मकुमार जैन नेपालगज, सम्पतराय अग्रवाल कटक, रतनलाल विनायक्या भागलपुर एव डॉ० ताराचन्द बख्शी जयपुर का हार्दिक स्वागत करते है। सभी उपाध्यक्ष हमारे समाज के जाने माने सज्जन है तथा सामाजिक क्षेत्र मे इनका महत्त्व–पूर्ण योगदान रहता है। इसी तरह सचालन समिति के सभी माननीय नये सदस्यो एव विशिष्ट सदस्यो के प्रति आभार प्रकट करता हू जिन्होने अपना सहयोग देकर अकादमी को गति प्रदान की है। मैं सर्वश्री मागीलाल सेठी सुजानगढ एव ताराचद प्रेमी फिरोजपुर—झिरका का विशेष आभारी हू जो स्वय अकादमी के सदस्य बन गये है एव अन्य महानुभावो को भी सदस्य बनाने मे अपना पूर्ण सहयोग देते है। हम चाहते है कि षष्टम भाग के प्रकाशन के पूर्व अकादमी की सदस्य सख्या कम से कम ५०० तक पहुँच जाय। आशा है कि इस दिशा मे सभी का सहयोग प्राप्त होगा।

झरिया (बिहार)
दिनाक १०-८-८२

पूनमचन्द गगवाल

सम्पादकीय

वैदिक, बौद्ध और जैन साहित्य मिलकर भारतीय साहित्य के रूप को स्वरूप प्रदान करते हैं। वैदिक साहित्य क लिए वेद, बौद्ध-वाङ्मय के लिए पिटक और जैन साहित्य के लिये आगम शब्द का व्यवहार आरम्भ से ही होता रहा है। सम्पूर्ण आगम को (१) प्रथमानुयोग, (२) करणानुयोग, (३) चरणानुयोग, तथा (४) द्रव्यानुयोग इन चार भागो मे विभाजित किया गया है।

प्रथमानुयोग के शास्त्रो से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष अथवा जिनेन्द्र देवो पर आधृत अनेक ज्ञानपूर्ण कथाएँ तथा पुराणो का समावेश है। करणानुयोग के शास्त्रो मे कर्म सिद्धान्त और लोक व्यवहार का विशद व्याख्यान है। चरणानुयोग के शास्त्रो मे श्रावक तथा यति अर्थात् साधु-सगठन और आचार-सहिता का विशद विधान वर्णित है। द्रव्यानुयोग के शास्त्रो मे चेतन-अचेतन, षट्द्रव्यो तथा तत्व लक्षणो का विस्तार पूर्वक विश्लेषण किया गया है।

प्राकृत भाषा अपने अनेक प्रातीय रूपो को समेटती भारतीय-संस्कृति को शब्दायित करती रही है। मागधी, अर्द्धमागधी, पालि आदि रूपो को ग्रहण करती हुई उसका जो रूप घिस-पिस कर स्थिर हुआ वह अपभ्रंश के नाम से समादृत हुआ। अपभ्रंश के उत्स से पुरानी हिन्दी ब्रजभाषा का आदिम रूप उगा—अकुरित और पल्लवित हुआ। इस प्रकार उकार बहुल ब्रजभाषा हिन्दी का आदिम रूप अपभ्रंश के क्रोड से उत्पन्न हुआ। सस्कृत हिन्दी की जननी है, यह धारणा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से चिरञ्जीवी नही रह सकी।

राजस्थानी डिंगल और पिंगल स्वरूपा हिन्दी विविध कालो मे अपने-अपने समुदाय और समाज के स्वरूप को अभिव्यक्ति देती रही है। राज्याश्रित कवियो द्वारा राज-सत्ता और महत्ता का सातिशय वर्णन शब्दायित हुआ। कही कही अमुक-अमुक काव्य-धाराओ से अनुप्रेरित कवियो ने तत्सम्बन्धी सकीर्ण विचारणाओ को व्यक्त किया है। इस प्रकार काल-क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए हिन्दी साहित्य का कलेवर वृद्धङ्गत होता गया।

पदयात्री सतो की अपनी एक परम्परा रही है। जैन सन्त इस परम्परा के नायक और उन्नायक रहे हैं। जैन मुनियो, आचार्यों तथा सिद्ध-साधको, मनीषियो ने देश के प्रधान-उपप्रधान तथा क्षेत्रीय भाषा और उपभाषाओ मे जनकल्याणकारी

विपुल साहित्य की आगम के अनुरूप रचना की है, फलस्वरूप इसमें शुभ, सत्य और सुखद सम्भावनाओं का समीकरण आरम्भ से ही परिलक्षित है। जैन साहित्य जिन-वाणी सग्रहो में सुरक्षित रहा जिसके स्वाध्याय की नियमित परम्परा जैन समुदाय में विद्यमान रही। देश मे अनेक 'स्वाध्याय सैलियाँ' स्थिर हुयी जिनके द्वारा शास्त्र-प्रवचन, शका समाधान, तत्त्व चर्चा आदि दृष्टियो से साहित्य का अध्ययन-अनुशीलन चलता रहा।

कालान्तर मे जब साहित्यिक इतिहास रचे गये तब हिन्दी भाषा मे रची गई कृतियो की खोज-खबर ली गई। शक्ति और सामर्थ्यानुसार जिन-जिन साहित्याचार्यों ने काम किये वे अनुशसित हुए परन्तु जैन हिन्दी साहित्य को प्रकाश मे लाने और उसे हिन्दी साहित्य के सिहासन पर प्रतिष्ठित करने-कराने का श्रेय महापण्डित राहुल साकृत्यायन, नाथूराम प्रेमी, बाबू कामताप्रसाद जैन, मुनिवर जिन विजय जी महार ज आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, पडित अगरचन्द नाहटा तथा डॉ० रामसिह तोमर आदि अनेक अनुसधित्सुओ और साहित्य-साधकों को रहा है परिणामस्वरूप आज साहित्यिक इतिहास नये सिरे से रचे जाने लगे है।

जैन कवियो ने हिन्दी मे आरम्भ से ही लिखना आरम्भ कर दिया और बडी विशेषता यह है कि अभिव्यक्ति के अनेक रूपो को स्थिर करने मे इन कवियो ने अगुवा बनकर जिस सृजनात्मक भूमिका का निर्वाह किया वह विद्वत् समाज मे आज भी समादृत है। भाव-सम्पदा, भाषा अलकार छन्द, व्याकरण, काव्य रूप तथा शैली शिल्प आदि अनेक काव्य शास्त्रीय दृष्टि मे यदि जैन हिन्दी साहित्य को अन्वित और और समन्वित नही किया गया तो हिन्दी साहित्य कभी पूर्ण नही कहा जा सकता, यह वस्तुत गवेषणात्मक सत्य है।

अनेक अब्दियो और दशाब्दियो पूर्व जब मेरी पहले-पहल अनुसन्धान की दृष्टि से राजस्थानी-यात्रा प्रारम्भ हुई थी उस समय हिन्दी जैन साहित्य को उजागर करने का प्रश्न सामने आया था। अनेक शोधार्थियो की समस्या और उसके समाधान पर आदरणीय प्रियवर डॉ० कस्तूरचन्द जी कासलीवाल, प० अनूपचन्द्र जी शास्त्री आदि जयपुरिया साहित्यिक खोजियो से विचार-विमर्श हुए और तय हुआ कि लुप्त विलुप्त भाडारो मे भरी पडी सामग्री को प्रकाशित कराया जाय। दशाब्दियो बाद यह सौभाग्य बन पाया कि श्री महावीर ग्रथ अकादमी के माध्यम से हिन्दी साहित्य को इस रूप मे व्यवस्थित और प्रकाशित किया जा रहा है। हर्ष का विषय है कि मुझ जैसे अनेक भाइयो के निर्देशन मे अनेक विश्वविद्यालयो के अधीन, पी-एच० डी० उपाधि के लिए हिन्दी जैन कवियो पर अध्ययन हुआ है और कार्य चल रहा है।

इस कार्य सम्पादन मे भाई कासलीवाल जी को कितने पापड बेलने पडे है, इसकी प्रतीति मुझे है, वस्तुत विचारणीय बात है। वे इस भागीरथ काम को पार लगा रहे हैं वस्तुतः बहुत बडी बात है।

सामाजिक श्रेष्ठियों को इस दिशा मे सक्रिय सहयोग देना चाहिए ताकि जिनेन्द्र वाणी—हिन्दी साहित्य धारा में भी समवेत होकर कल्याणकारी मार्ग का प्रवर्तन कर सके ।

आकादमी के प्रस्तुत पचमी पुष्प मे सोलहवीं शताब्दी के समर्थ कविमनीषी सोमकीर्ति, ब्रह्म यशोधर, साग, गुणकीर्ति तथा यश.कीर्ति का प्रामाणिक व्यक्तित्व तथा कृतित्व परक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है । हिन्दी के समकालीन गुरु नानक, कबीरदास, चरणदास, अनन्तदास तथा पुरुषोत्तम आदि अनेक कवि उल्लेखनीय है जिनके साथ इन कवियो का तुलनात्मक तथा साहित्यिक मूल्याङ्कन होना चाहिए । मान्य शोध—निदेशक–बन्धुओ से निवेदन है कि वे कतिपय मेधावी शोधार्थियो का चयन कर जैन कवियो के साहित्य का स्तरीय अङ्कन और मूल्याङ्कन प्रस्तुत करावें ।

इस प्रकार प्रस्तुत पुष्प के प्रकाशन की आवश्यकता-उपयोगिता असंदिग्ध है । आशा ही नही पूरा भरोसा है कि श्री महावीर ग्रथ अकादमी की यह पुष्प-प्रकाशन की परम्परा चिरञ्जीवी रहेगी और हिन्दी साहित्यिक के कलेवर को अभिवृद्ध करेगी तथा साहित्यक कुलकरो की कुल-कीर्ति को सुरक्षित रख सकेगी । हम इस मूल्यवान योजना के सतत् साफल्य की हार्दिक मगल कामना करते है ।

आगरा रोड
अलीगढ
२६.७.८२

महेन्द्र सागर प्रचंडिया
कृते सम्पादक मण्डल

लेखक की कलम से

राजस्थानी एव हिन्दी भाषा की पाण्डुलिपियो के लिये राजस्थान के जैन ग्रन्थागार विशाल भण्डार है जिनमे सैकडो महत्वपूर्ण, अज्ञात एवं अल्प-ज्ञात कृतियो का सग्रह मिलता है। इस दृष्टि से जैनाचार्यों, भट्टारक गण एव विद्वानो की साहित्यिक सेवाएं अत्यधिक उल्लेखनीय है। जिन्होने विगत ६००-७०० वर्षों से अपनी सैकडो कृतिया साहित्यिक जगत् को भेट करके अपने हिन्दी प्रेम को प्रदर्शित किया है और आज भी कर रहे हैं। प्रस्तुत पञ्चम भाग मे १६ वी शताब्दि के पॉच ऐसे ही कवियो को लिया गया है जो राजस्थानी/हिन्दी के लिये समर्पित रहे है तथा जिनका व्यक्तित्व एव कृतित्व दोनो ही विद्वानो के लिए अज्ञात अथवा अल्पज्ञात रहा है।

सोमकीर्त्ति १६ वी शताब्दि के प्रथम चरण के कवि थे। राजस्थानी उनकी प्रिय भाषा थी जिसमे उन्होने दो बडी एव पॉच छोटी रचनाये निबद्ध की थी। 'गुरु नामावली' मे उन्होने राजस्थानी गद्य का प्रयोग करके गद्य साहित्य की लेखन परम्परा को बहुत पीछे ला पटका है। राजस्थानी/हिन्दी साहित्य के इतिहास के लिये गुरु नामावली एक महत्वपूर्ण कृति है। सवत् १५१८ (सन् १४६१) मे निर्मित यह कृति गद्य पद्य मिश्रित है। यह सस्कृत की चम्पु कृति के समान है। कवि ने अपने गद्य भाग को बोली लिखा है जिसमे यह स्पष्ट है ऐसी ही भाषा उस समय बोलचाल की भाषा थी और उसे बोली कहा जाता था। बोलचाल की भाषा के लोकप्रिय शब्द कुण, आपणा, बोलता, ढीली, नयर, पालखी, इसी, इणी, का खूब प्रयोग हुआ है। सोमकीर्त्ति अपने युग के प्रभावशाली भट्टारक थे। काष्ठासघ की भट्टारक गादी के सर्वोपरि साधु थे। साथ मे वे भाषा शास्त्री भी थे। सस्कृत कृतियो के साथ ही राजस्थानी मे कृतियो का लेखन उनकी राजस्थानी के प्रति गहरी रुचि का सफल है।

सांगु इस काल के दूसरे कवि थे। अभी तक इनकी एक ही कृति 'सुकोसल राय चुपई' उपलब्ध हो सकी है लेकिन यह एक ही कृति कवि की काव्य प्रतिभा परिचय के लिये पर्याप्त है। यह एक लघु प्रबन्ध काव्य है जिसमे काव्य-गत सभी लक्षण विद्यमान है काव्य पूरा रोमाञ्चक है जिसमे कभी विवाह, कभी युद्ध, कभी

गृह त्याग, कभी तपस्या एवं कभी उपसर्ग के समय का वर्णन मिलता है।

महाकवि ब्रह्म जिनदास के शिष्य ब्रह्म गुणकीर्त्ति इस पुष्प के तीसरे कवि हैं जिनका परिचय भी साहित्य जगत् को प्रथम बार मिल रहा है। रामसीतारास एक खण्ड काव्य है जो राजस्थानी भाषा की अत्यधिक सुन्दर कृति है। महाकवि तुलसीदास के १४० वर्ष रचित यह एक लघु रामायण है जो अपने गुरु महाकबि ब्रह्म जिनदास के रामरास का मानो लघु सस्करण है। रामसीतारास भाव, भाषा, शैली एव विषय की दृष्टि मे उत्तम कृति है।

चौथे कवि भ. **यशःकीर्त्ति** है जिनके दो पद एव दो लघु रचनाये प्रस्तुत ग्रथ मे दिये गये हैं।

ब्रह्म यशोधर पाचवे कवि हैं जो भ. यश कीर्त्ति के प्रशिष्य एवं विजयसेन के शिष्य थे। भ. यशोधर अपने युग के जबरदस्त प्रभावशाली कवि थे जिनका समस्त जीवन साहित्य सेवा मे समर्पित रहता था। यद्यपि वे भट्टारक नही थे किन्तु उनकी ख्याति एव सम्मान किसी भट्टारक मे कम नही था। साहित्य रचना के क्षेत्र मे तो वे अपने गुरु से भी आगे थे। उन्होने चुपई सज्ञक काव्य लिखा, नेमिनाथ, वासुपूज्य एव मल्लिनाथ पर स्तुति परक गीत लिखे, अपने गुरु की प्रशसा मे विजयकीर्त्ति गीत लिखा जिसे हम ऐतिहासिक गीत की सज्ञा दे सकते हैं, एव विभिन्न राग रागनियों मे नेमि राजुल से सम्बन्धित पद लिखे। बलिभद्र चुपई एक ऐसा प्रबन्ध काव्य है जिसमे कवि की काव्य प्रतिभा के स्थान २ पर दर्शन होते हैं। नेमिनाथ गीत में कवि ने गागर मे सागर भरने जैसा कार्य किया है। वर्णन इतना रोचक है कि पढते ही कवि के प्रति श्रद्धा के भाव जाग्रत होते है। भ. यशोधर द्वारा अपनी कृतियो मे शब्दो का चयन भी पूर्ण विद्वत्ता के साथ किया है। कवि ने नेमिनाथ गति मे पान बीडी का उल्लेख किया है। विवाह मे पानो का बीडा देकर बरातियों का स्वागत करने की प्रथा है जो १५वी शताब्दि मे भी यथावत थी। इसी तरह 'लू' शब्द के लिये 'लूय' का प्रयोग किया है। लूय शब्द ठेठ राजस्थानी भाषा का शब्द है।

भाषा के अध्ययन की दृष्टि से इन पाचों ही कवियो की रचनाये महत्वपूर्ण है। जैन कवि अपनी रचनायें सरल बोलचाल की भाषा मे निबद्ध करते रहे हैं। यद्यपि वे काव्य गत लक्षणो के आधार पर रचनाये निबद्ध करने मे विश्वास नही रखते थे लेकिन फिर भी उनकी कृतियों राजस्थानी हिन्दी की अमूल्य कृतिया है

---

१. चोउ चदन रुडा फूलडा रे पान बीडीय अमूल/सा./५०/पृष्ठ संख्या २०१.
२. उह्लालि लू उह्ली वाय, तपन ताप तनु सह्यु न जाय।। १७३/ ,, १६१.

और उनमें वे सभी तत्त्व उपलब्ध होते हैं जो किसी एक काव्य मे मिलने चाहिये ।

प्रस्तुत पुष्प मे पांच कवियों की अब तक उपलब्ध सभी ३७ कृतियों के पाठ दिये गये है जिनमे से अधिकाश कृतिया प्रथम बार सामने आयी हैं। वास्तव मे जैन ग्रंथागारों मे राजस्थानी/हिन्दी ने अभी तक सैकडो कृतियां हैं जिनके अस्तित्व का हमे पता नहीं है परिचय मिलना तो बहुत दूर की बात है। राजस्थान एव गुजरात के शास्त्र भण्डारो मे इन पाच कवियो की और भी कृतिया मिल सकती है।

आभार

पुस्तक के सम्पादक मे डा. महेन्द्रसागर जी प्रचडिया अलीगढ, भाषा–शास्त्री श्री नाथूलाल जी जैन एडवोकेट जयपुर एव श्रीमती डा. कोकिला सेठी का जो सहयोग मिला है उसके लिये मे उनका पूर्ण आभारी हू। डा. प्रचडिया जी ने सम्पादकीय लिखा है जो कितने ही दृष्टियो मे अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मैं अकादमी से सम्पादक मंडल के प्रमुख सदस्य एव सहयोगी प. अनूपचन्द जी न्यायतीर्थ का भी आभारी हूँ जिनका मुझे साहित्यिक कार्यों मे पूर्ण सहयोग मिलता रहता है।

अमृत कलश, किसान मार्ग
बरकत कालोनी
टोंक फ्रिज जयपुर,

डा कस्तूर चन्द कासलीवाल

८ अगस्त १६८२

विषय सूची

पूर्व पीठिका

इस भाग में सवत १५१५ से १५६० तक होने वाले पाच हिन्दी जैन कवियो का जीवन, इतिहास एव उनका मूल्याकन प्रस्तुत किया जा रहा है। ये कवि हैं आचार्य सोमकीर्ति, सागु, यश कीर्ति, गुणकीर्ति, एव ब्रह्म यशोधर । इसके पूर्व दूसरे भाग मे हमने सवत् १५४० से १६०० तक के प्रतिनिधि कवियो—बूचराज, छीहल, ठक्कुरसी, चतुरुमल एव गारवदास का जीवन परिचय एव उनकी कृतियो का मूल्याकन प्रस्तुत किया था साथ ही मे उन कवियो की सभी छोटी बडी कृतियो के के पाठ भी दिये थे जिससे सभी पाठक गण उसके काव्यो का रसास्वादन कर सके।

सवत् १५१५ से १५६० तक के काल को हिन्दी साहित्य के इतिहास मे दो भागो मे विभक्त किया है। मिश्रबन्धु विनोद ने सवत् १५६० तक के काल को आदि-काल माना जाता है तथा १५६१ से आगे वाले काल को अष्टछाप कवियो के नाम से सम्बोधित किया है। रामचन्द्र शुक्ल ने भी इस काल का अष्टछाप नामकरण किया है। लेकिन वास्तव मे यह काल भक्ति युग का आदिकाल था। एक ओर गुरु नानक एव कबीर जैसे सत कवि अपनी कृतियो से जन-जन को अपनी ओर आकृष्ट कर रहे थे तो दूसरी ओर आचार्य सोमकीर्ति, भट्टारक यशः कीर्ति, सागु एव ब्रह्म यशोधर जैसे हिन्दी भाषा के जैन कवि अपनी कृतियो के माध्यम से समाज मे अर्हद् भक्ति, पूजा, एव प्रतिष्ठाओ का प्रचार कर रहे थे। समाज मे भट्टारक परम्परा की नीव गहरी हो रही थी। उनकी जगह-जगह गादिया स्थापित होने लगी थी। भट्टारक गण एव उनके शिष्य भी अपने आपको भट्टारक के साथ-साथ मुनि, आचार्य, उपाध्याय, एव ब्रह्मचारी सभी नामो से सबोधित करने लगे थे। साथ ही मे वे सब सस्कृत के साथ-साथ राजस्थानी एव हिन्दी भाषा को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बना रहे थे। देश पर मुसलमानो का राज्य था जो अपनी प्रजा पर मनमाने जुल्म ढा रहे थे। ऐसी स्थिति मे भी भट्टारको एव उनके शिष्यो ने समाज के मानस को बदलने के लिए तत्कालीन लोक भाषा मे छोटे बडे रास काव्यो, का पद एव स्तवनो का निर्माण किया । दूसरे भाग मे निर्दिष्ट कवियो के अतिरिक्त इन ४५ वर्षों मे १५ से भी अधिक जैन एव जैनेतर कवि हुए जिनमे कुछ के नाम निम्न प्रकार है—

जैन कवि			जैनेतर कवि		
१.	आचार्य सोमकीर्ति	स १५१८	१ गुरुनानक	स	१५२६-१५६६
२.	कनकप्रभसूरि	स १५३०	२ कबीरदास	,,	१५७५ से पूर्व
३	उपाध्याय ज्ञान सागर	स १५३१	३ चरणदास	,,	(१५३६)
४	भट्टारक यश कीर्ति	स १५३८	४ अनन्तदास	,,	(१५५८)
५	ब्रह्म यशोधर	स १५८५ से पूर्व	५ हरिराम	,,	(१५५८)
६	सागु कवि	स १५५०	६ पुरुषोत्तम	,,	(१५५८)
७	गुणकीर्ति	स १५२०			
८.	सवेग सुन्दर उपाध्याय	स १५४८			
९	वाचक मतिशेखर				

गुरु नानक एव कबीरदास से सभी परिचित हैं। ये कवि भारतीय जन मानस के कवि बन चुके हैं। अनन्तदास कबीर के शिष्यो मे से थे जिन्होने रैदास की परिचई कबीरदास की परिचई एव त्रिलोचनदास की परिचई जैसे काव्यो की रचना की। हरिराम की **गीताभानु** प्रकाश (स १५५८) तथा पुरुषोत्तम की **धर्माश्वमेध** (स १५५८) रचनाये मिलती है। इसी समय कुतबन शेख ने मृगावती तथा सेन कवि ने भी अपनी कविताओ के माध्यम से भक्ति रस की धारा को प्रवाहित किया।[1]

जैन कवियो मे ज्ञानसागर ने सवत् १५३१ मे श्रीपालरास की रचना की थी [1] इसकी एक प्रति राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर मे उपलब्ध है। सवेगसुन्दर उपाध्याय ने सवत् १५४८ मे सारसिखामन रास की रचना की थी तथा रामचन्द्र सूरि ने रर्जाष चरित की सवत् १५५० मे रचना की थी। यह समय महाकवि ब्रह्म जिनदास से प्रभावित युग था जिन्होने पचास से भी अधिक रासकाव्यो की रचना करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था। इसलिए अधिकाश जैन कवि उन्ही के पद चिह्नो पर चलकर रास नामान्तक काव्यो की रचना करने मे लगे हुए थे।

---

१ मिश्र बन्धु विनोद-प्रथम भाग-पृष्ठ सख्या 111-113

आचार्य सोमकीर्ति

आचार्य सोमकीर्ति इस काल के प्रमुख प्रतिनिधि कवि थे। वे अपने युग के उद्भट विद्वान प्रमुख साहित्य सेवी एव सर्वोच्च सन्त थे। वे योगी थे। आत्म साधना मे तल्लीन रहते और अपने शिष्यो एव अनुयायियों को उस पर चलने का उपदेश देते थे। वे प्रवचन करते, साहित्य सर्जन करते एव अपने शिष्यो को साहित्य निर्माण करने की प्रेरणा देते। सोमकीर्ति प्राकृत, सस्कृत, राजस्थानी, गुजराती एव हिन्दी के प्रकाड विद्वान थे। उन्होंने सस्कृत एवं हिन्दी दोनों ही भाषाओ को अपनी रचनाओ से उपकृत किया। उनका राजस्थान एव गुजरात दोनो ही प्रमुख क्षेत्र रहे तथा जीवन भर इन क्षेत्रों मे विहार करके जन-जन के जीवन को आत्म-साधना एव अर्हद् भक्ति की ओर मोडते रहे। उनकी प्रेरणा से कितने ही मन्दिरो का निर्माण सपन्न हुआ। बीसो पञ्चकल्याणक प्रतिष्ठाए उनके निर्देशन मे सपन्न हुई तथा हजारों जिन प्रतिमाए प्रतिष्ठित होकर राजस्थान एव गुजरात के विभिन्न मन्दिरो मे विराजमान की गई। आचार्य सोमकीर्ति श्रमण सस्कृति, साहित्य एव शिक्षा के महान् प्रचारक थे। ऐसे सन्त पर किस समाज एव राष्ट्र को गर्व नही होगा।

लक्ष्मीसेन के दो शिष्य थे। एक भीमसेन एव दूसरे धर्मसेन। दोनो ने ही अपनी अलग-अलग भट्टारक गादिया स्थापित की थी। इन्ही भीमसेन के सोमकीर्ति प्रमुख शिष्य थे। काष्ठासघ की एक गुरुनामावली मे भीमसेन का परिचय निम्न प्रकार दिया गया है—

> श्री लक्ष्मसेन पट्टोधरण पावपक छिप्पि नहीं।
> जे नरह नरिंद्दे बन्दिवि, श्री भीमसेन मुनिवर सही ॥2॥
> सुरगिरि सिरि कौ चडे पाउकरि अतिबलवंतौ
> केवि रणीयर तीर, पुहत उय तरंतौ।
> कोई आयास पमाण, हत्थ करि गाहि कमतौ ॥
> कट्ठसघ सघगुण परिलहि बुविहू कोईलेहतौ
> श्री भीमसेन पट्टह धरण गच्छ सिरोमणि कुलतिलौ
> जाणति सुजाणह जाण नर श्री सोमकीर्ति मुनिवर भलौ ॥3॥

सोमकीर्ति भीमसेन के कब सपर्क मे आये तथा प्रारम्भ मे उनके पास कितने वर्षो तक रहे इसकी जानकारी नही मिलती। इसके अतिरिक्त सोमकीर्ति के माता-पिता, जन्मस्थान, एव शिक्षा-दीक्षा के बारे मे भी कोई इतिहास उपलब्ध नही होता। लेकिन इतना अवश्य है कि उन्हे सवत् १५१८ मे काष्ठासंघ नन्दीतट गच्छ की भट्टारक गादी पर अभिषिक्त किया गया था। उस दिन आषाढ सुदी अष्टमी थी। वे

८७ मे भट्टारक थे ।[1] उनका पट्टाभिषेक गुजरात के सोजित्रा नगर में शांतिनाथ के मन्दिर मे हुआ था । भट्टारक श्री भूषण ने सोजित्रा का वर्णनकरते हुए लिखा है–

श्रीगुर्जरे प्पस्ति पुर प्रसिद्ध सोजित्र नमाभिधमेवसार[2] । सोजित्रा जैनधर्म एवं सस्कृति का केन्द्र था तथा काष्ठा सघ के भट्टारकों की वहा गादी थी । सोमकीर्ति सवत् १५१८ से प्रकाश मे आये और अपने अन्तिम जीवन तक समाज के जगमाते नक्षत्र रहे । श्री जोहरापुरकर ने अपने भट्टारक सम्प्रदाय मे इनका समय सवत् १५२६ से १५४० तक दिया है जो इस पट्टावली से मेल नही खाता । सभवत उन्होने यह समय इनकी सस्कृत रचना सप्तव्यसनकथा के आधार पर दिया मालुम देता है क्योंकि कवि ने इसे सवत् १५२६ मे समाप्त की थी ।

सोमकीर्ति ने भट्टारक गादी पर बैठते ही गुजरात एव राजस्थान के विभिन्न भागो मे विहार किया तथा जन-जन से सम्पर्क करके उन्हे अहिसा धर्म के परिपालन पर जोर दिया । उस समय देहली पर लोदी वश का राज्य था । बहलोल लोदी दिल्ली का सुलतान था । ये मुस्लिम शासक इतने धर्मान्ध एव असहिष्णु थे कि उन्हे मन्दिरो, मूर्तियो एव ग्रन्थो के विध्वन्स के अतिरिक्त कुछ भी अच्छा नही लगता था । हिन्दुओ एव जैनो मे इतना भय व्याप्त था कि उन्हे अर्हद् भक्ति के अतिरिक्त कुछ भी नही दिखता था । भट्टारक उनके सरक्षक थे जिनका सम्बन्ध इन बादशाहो से भी अच्छा था । भट्टारक सोमकीर्ति के लिये ब्रह्म श्रीकृष्णदास ने लिखा है कि वे "यवनपतिकराभोज सपूजितांध्रि थे अर्थात् भट्टारक सोमकीर्ति का यवन बादशाह भी सम्मान करते थे । इससे सोमकीर्ति के प्रभाव एव यश मे और भी वृद्धि हो गई । पहिले सन्त फिर प्रकाण्ड विद्वान, वक्ता और फिर बादशाह पर हाथ । वे तो सर्वगुण सम्पन्न हो गये । वे अत्यधिक प्रभावशाली थे । ज्हा विहार होता वही उनके भक्त बन जाते । साहित्य रचना वे स्वय करते और समाज से व्रत विधान एव प्रतिष्ठा विधान कराते । राजस्थान के मन्दिरो मे उनके द्वारा प्रतिष्ठित पचासो मूर्तिया मिलती है । मूलसंघ के क्षेत्र मे काष्ठासघ का इतना जबरदस्त प्रभाव उनके स्वय के व्यक्तित्व का सुपरिणाम था ।

---

१ पनरहसिअठार मास आशाढह जाणु
अक्कवार पचमी बहुल पख्यह परवाणु ।
पुव्वाभद्द नक्षत्र श्री सोझीत्री पुरवरि
सन्यासी पर पाट तणु प्रबन्ध जिणि परि ।।

प्रतिष्ठा विधान

संवत् १५१८ मे वे भट्टारक पद पर आसीन हुए। इसके पश्चात् उन्होने देश मे पञ्च कल्याणक प्रतिष्ठाए सम्पन्न करवाने मे रुचि ली।

डूगरपुर जिले के सुरपुर (सुर्यपुर) के मन्दिर मे शीतलनाथ स्वामी की ४०"×४८" अवगाहना वाली श्याम पाषाण की भट्टारक सोमकीर्ति द्वारा सवत् १५२२ मे प्रतिष्ठित प्रतिमा है। इस प्रतिष्ठा मे आचार्य श्री वीरसेन उनके सहायक थे तथा प्रतिष्ठा कराने वाले पडित पदमा, समधर, खेड्आ सा. लखमा भीमा आदि श्रावक थे। राजस्थान मे यह प्रथम मूर्ति है जो सोमकीर्ति द्वारा प्रतिष्ठित प्राप्त हुई है।[1]

सवत् १५२५ में इन्ही के द्वारा प्रतिष्ठित जयपुर के समीप जयसिंहपुरा खोर के मन्दिर मे भगवान पार्श्वनाथ की श्वेत पाषाण की प्रतिमा है। जयसिंहपुरा खोर प्राचीन समय मे जैनो का प्रसिद्ध केन्द्र था। पहाडियो के मध्य मे स्थित होने के कारण यह साधुओ के लिए चिन्तन मनन का अच्छा केन्द्र था। जयपुर का क्षेत्र मूलसघ के भट्टारको का गढ रहा है। इसलिए काष्ठासघ के भट्टारको द्वारा प्रतिष्ठित मूर्ति को विराजमान करना सोमकीर्ति एव उनके शिष्यो के प्रभाव को सूचित करता है।

इसके पश्चात् सवत् १५२७ वैशाख बुदी ५ को इन्ही भट्टारक द्वारा प्रतिष्ठित चौबीसी की प्रतिमा जयपुर के सिरमोरियो के मन्दिर मे एव दि० जैन मन्दिर सभवनाथ उदयपुर मे विराजमान है। दोनो चौबीसियो मे आदिनाथ स्वामी की मूलनायक प्रतिमा है। यह प्रतिष्ठा नरसिंहपुरा जातीय श्रावक द्वारा सम्पन्न करवायी गयी थी। आचार्य वीरसेन भट्टारक सोमकीर्ति के सहयोगी थे।[2]

---

१ सवत् १५२२ वर्षे पौष सुदी ५ तिथौ श्री काष्ठासघे भट्टारक सोमकीर्ति प्रतिष्ठित श्री शीतलनाथ बिम्ब पडित पदमा समधर खेडआ सा० लखमा भीमा कारापित शिष्य आचार्य श्री वीरसेन युक्तं।

२ सवत् १५२७ वर्षे वैशाख बदी ५ गुरौ श्री काष्ठासघे नन्दीतटगच्छे विद्यागणे भट्टारक श्री सोमकीर्ति आचार्य श्री वीरसेनयुग के प्रतिष्ठित नरसिंहपुरा जातीय पडनहरगोत्रे सा मोहनसी भार्या तेजु पुत्र ५ कडुआ भार्या २ बाछुआ, रुषा। भार्या रुषा पुत्र भाऊ पुत्र जूठउ नादू पुत्र २ सवरु। सी डलुवी भार्या लक्ष्मी पुत्र सरवण सा. मुदरा भार्या भासु मो सहदूगाम भार्या नालू साकडआ, खेमाआ, काकरण श्री आदिनाथ विम्ब करापित।

भट्टारक सोमकीर्ति ने सवत् १५३३ फागुण शुक्ला ७ बुधवार को फिर एक पञ्चकल्याणक प्रतिष्ठा का नेतृत्व किया। जयपुर के ठोलियो के मदिर मे भगवान पार्श्वनाथ की धातु की उक्त पञ्चकल्याणक मे प्रतिष्ठित मूर्ति विराजमान है।[1] इसके एक वर्ष पूर्व सवत् १५३२ मे भी वीरसेन सूरि के साथ एक शीतलनाथ की मूर्ति का प्रतिष्ठा करवायी थी।[2]

सवत् १५३५ माघ सुदी ५ को सोमकीर्ति अहमदाबाद गये। वहा विशाल स्तर पर ५२ जिन बिम्बो की प्रतिष्ठा की गयी। इस प्रतिष्ठा मे भी सोमकीर्ति के साथ आचार्य वीरसेन और उनके शिष्य ब्र. नाना प्रमुख थे। प्रतिष्ठा कराने वाले थे प्रागवाट जातीय··· ·········राणीसुत जोगदास।[3]

यद्यपि भट्टारक सोमकीर्ति का काल मुस्लिम काल था जिसमे मन्दिर एव मूर्ति को तोडना जिहाद समझा जाता था लेकिन सोमकीर्ति का अपना प्रभाव था। वे श्रावकों के लिये रक्षक का कार्य करते थे तथा धार्मिक विधि विधानो को बडे ठाट से सम्पन्न कराया करते थे। सवत् १५३६ मे इन्होने दो प्रतिष्ठाओ को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। सर्व प्रथम बैशाख सुदी १० बुधवार को चतुर्विशति तीर्थंकर प्रतिमा की प्रतिष्ठा करायी इसमे प्रतिष्ठाकारक थे हूबड जातीय बध गोत्र वाले गांधी भूपा भार्या राज सुत गाधीमना। मनागाधी की धर्मपत्नी का नाम काऊ था तथा पुत्र एव पुत्र वधु का नाम रुडा एव लाडिकी था। वर्तमान मे चौबीसी की प्रतिमा जयपुर के पाण्डे लूणकरण जी के मन्दिर मे विराजमान है। जयपुर के पहिले यह प्रतिमा सभवत आमेर मे होगी। इससे यह पता चलता है कि बागड प्रदेश मे सम्पन्न इस प्रतिष्ठा मे आमेर, सागानेर के जैन बन्धु भी सम्मिलित हुए थे। इस प्रतिष्ठा मे भी भट्टारक सोमकीर्ति के प्रमुख शिष्य आचार्य वीरसेन साथ थे। इसी वर्ष दूसरी प्रतिष्ठा माघसुदी १५ गुरुवार को नरसिह जातीय मापडिया

---

१. सवत् १५३३ वर्षे फागुण शुक्ला ७ बुधे श्री काष्ठासघे नद्याम्नाये भ भीमसेन तत्पट्टे भ श्री सोमकीर्ति प्रणमति।

२. सवत १५३२ वर्षे वैशाख सुदि ५ रवौ काष्ठासघे नदीतट गच्छे भ श्री भीमसेन तत्पट्टे सोमकीर्ति आचार्य श्री वीरसेनसूरी युक्त प्रतिष्ठित नरसिह जातीय बोरडेक गोत्रे चापा भार्या परगू। भट्टारक सम्प्रदाय - पृष्ठ २६५

३ सवत् १५३५ वर्षे माघसुदी ५ गुरौ श्री काष्ठासघे नदितट गच्छे विद्यागणे भट्टारक श्री भीमसेन तत्पट्टे भ श्री सोमकीर्ति शिष्य आचार्य श्री वीरसेन युक्तैः प्रतिष्ठित अहमदाबाद वास्तव्ये श्री प्राग्वाट जातीय·· ··· ·· राणी सुत जोगदासेन आचार्य श्री वीरसेन।

गौत्र वाले साह खेभारा झाझु के पुत्र सीवा ने सम्पन्न करायी थी। नरसिंहपुरा जाति प्रतापगढ की ओर रहती है। इसलिए सोमकीर्ति ने उधर ही किसी स्थान पर यह प्रतिष्ठा सम्पन्न करायी होगी। इस प्रतिष्ठा मे उनके शिष्य वीरसेन प्रमुख थे। चौबीसी की एक प्रतिमा जयपुर के ही चौधरियो के मन्दिर मे विराजमान है। चौबीसी मे श्रेयान्स नाथ स्वामी की मूलनायक प्रतिमा है।[5]

प्रतिष्ठाओ का यह क्रम बराबर चलता रहा। भट्टारक सोमकीर्ति ने अपने जीवन में कितनी प्रतिष्ठाए सम्पन्न करायी इसकी निश्चित सख्या बतलाना तो कठिन है क्योकि राजस्थान के अभी सैकडो मदिर ऐसे हैं जिनके मूर्ति लेखो पर कार्य नही हो सका है लेकिन इतना अवश्य है कि अपने २५ वर्ष के भट्टारक काल मे सोमकीर्ति ने ५० से अधिक पचकल्याणक प्रतिष्ठाए सम्पन्न करायी होगी। अतिम प्रतिष्ठा जिसका हमे उल्लेख मिला है वह है सवत् १५४० की बैशाख बुदी १० के शुभ दिन की प्रतिष्ठा जिसको नरसिंहपुरा जातीय मोकलवाड सा महिपा एव उसके परिवार के सदस्यो ने सम्पन्न करायी थी। इस प्रतिष्ठा मे प्रतिष्ठित भगवान सभवनाथ की एक प्रतिमा उदयपुर के दि जैन मन्दिर सभवनाथ मे विराजमान है। ऐसा मालुम होता है कि इस मदिर का नामकरण इसी प्रतिष्ठा के साथ जुडा हुआ है।

विहार—

भट्टारक सोमकीर्ति कभी एक स्थान पर जम के नही रहे। उनका अधिकाश समय एक नगर से दूसरे नगर मे विहार करने मे ही समाप्त हुआ। राजस्थान एव गुजरात प्रदेश के ग्राम एव नगर उनके विहार के प्रमुख स्थान थे। कभी वे विधान सम्पन्न कराने जाते तो कभी प्रवचन के लिये उन्हे जाना पडता। कभी समाज पर आने वाली विपत्तियो को निवारणार्थ वे जाते तो कभी अपनी कृतियो के विमोचन समारोह मे सम्मिलित होते। उनके विशाल व्यक्तित्व के सहारे समाज अपने आपको आश्वस्त मानता था। 'सोझित्रा' नगर उनका प्रमुख केन्द्र था। यहा उनकी गादी थी और पट्टाभिषेक हुआ था। मारवाड का गुढली नगर भी उनकी गतिविधियो का केन्द्र था। वहा शीतलनाथ स्वामी का मदिर था जिसमे उनकी भट्टारक गादी थी। यशोधर

---

१ सवत् १५३६ वर्षे माघ सुदी १५ गुरौ श्री काष्ठासघे नदितटगच्छे विद्यागणे भट्टारक श्री भीमसेन तत्पट्टे भट्टारक श्री सोमकीर्ति शिष्य आचार्य श्री वीरसेन युक्तैः प्रतिष्ठित नरसिंह जातीय सापडिया गोत्रे सा षेभारा भांझु पुत्र लींबा भार्या लाडी पुत्र ४ मोडण रणधीर शिवादेवा सा शिवा श्री श्रेयान्स नित्य प्रणमति।

रास एव यशोधर चरित्र दोनो को उन्होने उसी नगर एवं मन्दिर मे समाज किया था।

स्वागत

आचार्य सोमकीर्ति का जब विहार होता तो समाज मे आनन्द का वातावरण छा जाता। हजारो स्त्री-पुरुष नगर के बाहर उनके स्वागत के लिए एकत्रित होते और बडे समारोह पूर्वक उनको अपने यहा ले जाते। विविध वाद्य यत्र बजाये जाते और बधावा गाये जाते। स्त्रिया कलश लेकर उनका स्वागत करती। उनकी आरती उतारी जाती। इस प्रकार सोमकीर्ति का विहार समाज मे एक नये उत्साह को लेकर आता।

व्यक्तित्व

वे स्वय विशाल व्यक्तित्व के धनी थे। उनके दर्शन मात्र से ही विरोधियो का मद गल जाता। जब वे प्रवचन करते तो श्रोताओ को अध्यात्म रस मे डुबो देते। कथाओ के माध्यम से अपनी बात कहते तो लोगो को अर्हद पूजा, दर्शन एव स्तवन का महात्म्य बतलाते। जीवन को सप्त व्यसनो से रहित बनाने पर जोर देते। भट्टारक रामसेन एव भट्टारक भीमसेन दोनो का ही उन्हे आशीर्वाद प्राप्त था। वे संस्कृत, प्राकृत, गुजराती, राजस्थानी एव हिन्दी के प्रकाण्ड विद्वान थे। वे वक्ता एव लेखक दोनो ही थे। एक ओर वे संस्कृत मे काव्य रचनाए करते तो वही राजस्थानी मे उससे भी अधिक काव्य कृतिया लिखना उनके लिए बहुत सरल कार्य था। वे किसी भी क्षेत्र मे अपने आपको योग्यतम सिद्ध करते। यही कारण है कि तत्कालीन मुस्लिम शासक भी उनका पूर्ण सम्मान करते थे और उनका गुणानुवाद करते। समाज पर उनका वर्चस्व स्थापित था इसलिए जो भी कार्य चाहते उसे वे सरलता से सम्पन्न करा देते।

कृतित्व—

आचार्य सोमकीर्ति संस्कृत एव राजस्थानी दोनो के ही प्रकाण्ड विद्वान एव लेखनी के धनी थे इसलिए दोनो ही भाषाओ मे उन्होने रचनाये निबद्ध की है। उनकी संस्कृत एव राजस्थानी कृतियो के नाम निम्न प्रकार है—

संस्कृत रचनाए

१ सप्तव्यसन कथा समुच्चय
१ प्रद्युम्न चरित्र
३ यशोधर चरित्र।

४ अष्टान्हिका व्रत कथा ।
५ समवसरण पूजा ।

राजस्थानी रचनाएं

१ यशोधर रास ।
२ गुरु नामावली ।
३. रिषभनाथ की धूल ।
४ त्रेपन क्रिया गीत ।
५ आदिनाथ विनती ।
६ मल्लिगीत ।
७ चिन्तामणी पार्श्वनाथ जयमाल ।

सोमकीर्ति की सस्कृत रचनाओ का सामान्य परिचय निम्न प्रकार है—

१ सप्तव्यसन कथा समुच्चय

यह कथा साहित्य की अच्छी कृति है। कथा समुच्चय मे सात व्यसनो के आधार पर सात कथाए दी हुई है। सात व्यसनो मे जुआ खेलना, चोरी करना, शिकार खेलना, वेश्या सेवन, परस्त्री सेवन, मद्यपान, एव मास खाने को गिनाया गया है। इसमे सात सर्ग हैं। पूरी कृति दो हजार सडसठ श्लोको मे बनाकर समाप्त की गयी है। कथा समुच्चय भट्टारक रामसेन की कृपा से रचित ग्रन्थ है। कवि ने इसे सवत् १५२६ मे समाप्त किया था। सभवत कवि की यह सस्कृत मे निबद्ध प्रथम रचना है। राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारो मे सप्तव्यसनकथा की पचासो प्रतिया मिलती है जो इसकी लोकप्रियता की ओर सकेत करती हैं। सबसे प्राचीन प्रति डूंगरपुर के शास्त्र भण्डार मे हैं जो सवत् १६०५ की लिखीहुई है।[1] कथा समुच्चय का अन्तिम भाग निम्न प्रकार है—

> **नन्दीतटाके विदिते हि सघे श्रीरामसेनस्य पदप्रसादत् ।**
> **विनिर्मितो मदधिया ममायं विस्तारणीयो भुवि साधुसघैः ॥६६॥**
>
> **यो वा पठति विमृश्यति भव्योपि (सु) भवनायुक्तः ।**
> **लभते स सौख्यमनिशं ग्रन्थ (श्री) सोमकीर्तिनारचितं ॥७०॥**

---

१ राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारो की ग्रन्थ सूची भाग पञ्चम-पृष्ठ संख्या ४९२ ।

रसनयनसमेते बाणयुक्तेन चन्द्रे (१५२६)
गतवति सति नूनं विक्रमस्यव काले ।
प्रतिपदि धवलायां माघ-मासस्य सोमे ।
हरिभदिनमनोज्ञे निर्मितो ग्रन्थ एष: ।।७१।।

सहस्रद्वयसंख्योऽय सप्तषष्ठिसमन्वित (२०६७) ।
सप्तैव व्यसनाद्यश्च कथासमुच्चयो ततः ।।७२।।

यावत्सुदर्शनो मेरुर्यावच्च सागराधरा ।
तावन्नन्दत्वय लोके ग्रन्थो भव्यजनाश्रित: ।।७३।।

इति श्री इत्यार्षे भट्टारक-श्री धर्मसेनाभ श्री भीमसेन देवशिष्य-आचार्य सोमकीर्ति -विरचिते सप्तव्यसनकथासमुच्चये परस्त्रीव्यसनफलवर्णनो नाम सप्तम सर्ग । इति सप्तव्यसनचरित्रकथा सपूर्णा ।

२ प्रद्युम्न चरित्र

प्रद्युम्न का जीवन चरित्र जैन कवियो के लिये बहुचर्चित रहा है । अब तक अपभ्रंश, संस्कृत, राजस्थानी एव हिन्दी भाषा मे २५ कवियो के प्रद्युम्न चरितो का पता लगाया जा चुका है [1] इस काव्य मे श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के जीवन का वर्णन किया गया है । प्रद्युम्न की माता रुक्मणी थी । प्रद्युम्न की गिनती पुण्य पुरुषो मे की जाती है । प्रस्तुत प्रद्युम्न चरित्र १६ सर्गों म विभक्त है जिसका रचनाकाल सवत् १५३१ पौष बुदी १३ बुधवार है । यह काव्य कवि ने अपने गुरु भट्टारक भीमसेन के प्रसाद से लिखा था ।

श्री भीमसेनस्य पदप्रसादत् सोमादिसत्कीर्तियुतेन भूमौ ।
रम्य चरित्रं वितत स्वभक्त्या सशोध्य भव्यै. पठनीयमेतत ।।१६८।।

संवत्सरे सत्तिथिसंज्ञके वै वर्षेऽत्र त्रिंशैकयुते (१५३१) पवित्रे ।
विनिर्मित पौषसुदेश्च तस्यां त्रयोदशी या बुधवारयुक्ता ।।१६९।।

३ यशोधर चरित

भट्टारक सोमकीर्ति ने यशोधर के जीवन पर संस्कृत एव हिन्दी दोनो मे

---

१ देखिये—प्रद्युम्न चरित की प्रस्तावना पृष्ठ—१३ ।
साहित्य शोध विभाग श्री दि जैन अ क्षेत्र श्रीमहावीरजी की ओर से प्रकाशित ।

रचनायें निबद्ध की हैं। इससे पता चलता है कि यशोधर की कथा उस समय बहुत ही लोकप्रिय थी। प्रस्तुत यशोधर चरित्र आठ सर्गों में विभक्त काव्य है जिसका रचना काल संवत् १५३६ है। इसकी रचना कवि ने गोढिल्ल मेदपाट (मेवाड) के भगवान शीतलनाथ के सुरम्य मन्दिर मे की थी। कवि ने इसको निम्न प्रकार लिखा है:—

नन्दीतटाख्यगच्छे वंशे श्री रामसेनदेवस्य।
जातो गुणार्णवैकश्च (वश्चैक) श्री मांश्च (मान्) श्रीभीमसेनेति ।।६१।।

निर्मितं तस्य शिष्येण श्रीयशोधरसंज्ञकं।
श्रीसोमकीर्तिमुनिना विशोध्याऽधीयतां बुधा ।।६१।।

वर्षे षट्त्रिंशसंख्ये तिथि पहगणनायुक्तसंवत्सरे (१५३६) वै।
पंचम्यां पौषकृष्णे दिनकरदिवसे चोत्तरास्थे ही चन्द्रे।
गोढिल्या मेदपाटे जिनवरभवने शीतलेन्द्रस्य रम्ये।
सोमादिकीर्तिनेद नृपवरचरित निर्मितं शुद्धभक्त्या ।।६२।।

कवि की **अष्टाह्निकाव्रत** कथा एवं **समवसरण पूजा** लघु रचनाएं हैं तथा कथा एवं पूजा विषयक हैं।

राजस्थानी कृतिया

भट्टारक सोमकीर्ति की राजस्थानी भाषा मे निबद्ध सात रचनाओ की खोज की की जा चुकी है। लेकिन राजस्थान एवं गुजरात के अभी कुछ ग्रन्थ-भण्डारो का सूचीकरण होना शेष है इसलिए सभव है कवि की और भी कृतियो की उपलब्धि हो सके। फिर भी जो कृतिया उपलब्ध हो चुकी है वे कवि की राजस्थानी भाषा पर अगाध विद्वत्ता की द्योतक है। सोमकीर्ति के पास सस्कृत एवं हिन्दी जानने वाले दोनो ही तरह की समाज आती थी इसलिए उन्होने दोनों ही भाषाओ मे काव्य रचना करना श्रेयस्कर समझा। वैसे उस युग मे इस तरह की परम्परा भट्टारक सकलकीर्तिने डाली थी और उसका अनुकरण किया महाकवि ब्रह्म जिनदास, भट्टारक ज्ञानभूषण एवं भट्टारक शुभचन्द्र ने। सोमकीर्ति ने भी अपने पूर्ववर्ती मूलसघ मे होने वाले भट्टारको का अनुसरण किया और अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त की।

कवि द्वारा राजस्थानी भाषा मे निबद्ध सात रचनाओ मे यशोधर रास सबसे बड़ी कृति है। इस काव्य का रचना काल नही दिया हुआ है। हाँ रचना स्थान का अवश्य उल्लेख किया हुआ है जो मेवाड का गुढली नगर है। जहा आपने

संवत् १५३६ मे संस्कृत में यशोधर चरित्र की रचना की थी इसलिये यह सम्भव है कि इस काव्य की रचना भी सवत् १५३६ के आसपास ही हुई होगी ।

१. यशोधर रास

राजा यशोधर का जीवन जैन साहित्यकारो के लिए अत्यधिक रुचिकर रहा है। प्राकृत संस्कृत, अपभ्र श, राजस्थानी एव हिन्दी सभी भाषा के कवियो ने यशोधर के जीवन पर खूब लिखा है । महाकाव्य, चम्पूकाव्य, खण्ड काव्य, रास काव्य, चौपईबन्ध काव्य, वेलि, फागु एव चरित नामान्तक सभी तरह के काव्य मिलते हैं । यशोधर के जीवन ने श्रावक समाज को इतना अधिक प्रभावित किया कि जब तक कोई कवि यशोधर के जीवन पर कलम नही चला ले तब तक उसे कवियो की कोटि मे स्थान मिलना कठिन है । यही कारण है कि अपभ्र श के महाकवि पुष्पदन्त ने भी जसहरचरिउ छन्दोबद्ध किया तथा आचार्य सोमदेव ने संस्कृत मे यशस्तिलक चम्पू लिखकर विद्वानो के समक्ष प्रस्तुत किया । हिन्दी, राजस्थानी मे तो बीसो यशोधर चरित लिखे गये हैं जिनमे ब्रह्म जिनदास का यशोधर रास विशेषत उल्लेखनीय है । आचार्य सोमकीर्ति तो यशोधर के जीवन वृत्त से इतना अधिक प्रभावित थे कि उन्होने पहले संस्कृत मे यशोधर चरित्र एव फिर राजस्थानी मे यशोधर रास की रचना करके जैन कवियो के समक्ष एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया ।

रचना काल एवं स्थान

राजस्थानी भाषा मे इस रास काव्य को आचार्य सोमकीर्ति ने गुढली नगर में शीतलनाथ स्वामी के मन्दिर मे कार्तिक बुदी प्रतिपदा बुधवार के शुभ दिन समाप्त करके जन-जन के समक्ष स्वाध्याय के लिए प्रस्तुत किया ।[1] कवि ने रास काव्य के समाप्ति काल का महिना, वार एव स्थान तो दिया है लेकिन सवत् का उल्लेख नही किया । कवि ने संस्कृत के यशोधर चरित्र की रचना सवत् १५३६ पौष बुद्धि पचमी रविवार को समाप्त की थी । रचना स्थान दोनो का समान हैं अर्थात् संस्कृत काव्य को भी गुढली नगर एव शीतल नाथ स्वामी के मन्दिर मे ही लिखा गया था । संस्कृत भाषा मे कवि ने काव्य की रचना को अधिक प्राथमिकता

---

१ कातीए उजली पाखि पडिवा बुधवार कीउ ए ।
सीतलूए नाथ प्रासादि गुढली नगर सोहामणु ए ।
रिधि वृद्धिए श्री पास पोसाउ हो जो निवि श्री सघह घरिए ।
श्री गुरुए चरण पसाउ श्री सोमकीरति सूरि भण्यू ए ।।

दी थी इसलिए ऐसा लगता है कि संस्कृत मे यशोधर चरित्र की रचना करने के पश्चात् राजस्थानी में यशोधर रास की रचना की थी। इस आधार पर रास की रचना संवत् १५३६ के बाद की मानी जा सकती है।

यशोधर रास को कवि ने सर्गों एवं अध्यायो में विभक्त नहीं करके ढालो मे विभक्त किया है। जिनकी संख्या १० है। इससे दो प्रयोजन सिद्ध हो गये। एक तो काव्य मे १० प्रमुख छन्दो—रागो में निबद्ध करना तथा दूसरा ढालों के माध्यम से अध्यायों मे विभक्त करना। हिन्दी के अधिकांश जैन कवियो ने इसी परम्परा को अपनाया है। कवि ने ढाल के अन्त मे वस्तुबन्ध छन्द का प्रयोग किया जो ढाल समाप्ति का सूचक माना जाता है।

कवि ने रास का प्रारम्भ मंगलाचरण से किया है जिसमे पच परमेष्ठियों को नमस्कार करने के पश्चात् यशोधर रास रचने का सकल्प व्यक्त किया गया है।

कथा सार

जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र मे यौध देश था। वहां राजपुर नगर एवं मारदत्त उसका राजा था। जो सुन्दरता मे तथा दान देने मे इन्द्र के समान लगता था। वह छह दर्शन के सिद्धातो पर विचार करता लेकिन कौनसा दर्शन तारने वाले तथा कौनसा डुबाने वाला है इसको वह नही जानता था। उसी नगर के दक्षिण दिशा की ओर देवी का मठ था। जहा देश विदेश के स्त्री-पुरुष दर्शनार्थ आते थे। देवी का नाम चण्डमारि था। उसका रूप कज्जल के समान काला था। भक्तगण आसोज, एव चैत्रमास मे, नवरात्रा मे उसकी विशेष पूजा करते थे। लोग पशु पक्षियो को लेकर आते थे।

जब चैत्र मास आया सभी पेड पौधे पल्लवित एव पुष्पित हो गये। तभी वहा एक जोगी आया। उसके वहा कितने ही शिष्य शिष्याए बन गये। मूर्ख लोगो को वह कितनी ही तरह से बहकाने लगा तथा कहने लगा उसको राम, लक्ष्मण, ब्रह्मा, विष्णु, महेश आदि दिखायी देते हैं। यह सुनकर राजा ने भी उसे दरबार मे बुलाया। जोगी अपने सात शिष्यो के साथ वहा आया। राजा ने सम्मान पूर्वक उसे आसन दिया। परस्पर मे चर्चा हुई और उस जोगी ने कहा कि वह मोहनी, वशीकरण एव स्तम्भन मन्त्र जानता है, आकाश गामिनी विद्या जानता है, यही नही सभी रसायन मन्त्र तन्त्र का वह ज्ञाता है। राजा उसकी बात सुनकर बडा प्रसन्न हुआ। और उससे आकाश गामिनी विद्या देने की प्रार्थना की। जोगी ने उसे आशीर्वाद दिया और अपना शिष्य घोषित कर दिया तथा कहा कि चण्डमारी देवी के आगे जितने भी जलचर, थलचर एव नभचर जीव हैं उनके युगल लाये जावें। इतना सुनते ही राजा ने अपने सेवको द्वारा सैंकडो जीवों के युगल देवी के मन्दिर मे लाकर

एकत्रित कर दिये इसमें हरिण, रोभ, हाथी, घोड़े, बकरी, भैंस, गाय, बैंल, बगुला, सारस चकवा आदि न जाने कितने जीव थे। राजा मन्दिर मे गया और सिंहासन पर बैठ गया। वहा आने पर जोगी ने राजा से कहा कि वह बत्तीस लक्षण युक्त नर युगल का अपने हाथो से बलिदान कर सके तो उसे उसी क्षण देवी की कृपा से आकाशगामिनी विद्या सिद्ध हो जायेगी। राजा ने फिर अपने सेवकों को चारों ओर भेजा।

तीन दिन पूर्व ही दिगम्बर मुनि सुदत्ताचार्य का सघ वहां आया था और वन में ठहर गया था। मुनि के प्रभाव व वह जगल सघन हो गया। फूल खिल गये और कोयल मधुर गान गाने लगी। इसको देखकर वह मुनि ध्यान के लिये श्मशान मे चले गये। श्मशान का विभीत्सता देखते ही डर लगता था। स्थान स्थान पर अस्थियो के ढेर लगे हुए थे। लेकिन मुनि प्रासुक भूमि देखकर वही ध्यानस्थ हो गये। उस दिन चैत्र सुदि अष्टमी थी इसलिए उपवास ले लिया। इतने मे ही एक क्षुल्लक एव एक क्षुल्लिका गुरु के पास आये और दोनो प्रोषधोपवास व्रत लेने की प्रार्थना करने लगे। मुनि ने उनकी लघु आयु देखकर नगर मे जाकर आहार लेने के लिए कहा। वे दोनो आहार के लिये नगर की ओर चल दिये।

राजा के सेवक भी ऐसे ही नर युगल की तलाश मे थे। वे दोनो को देखते ही प्रसन्न हो गये और उनको चण्डमारी देवी के मठ मे ले गये। राजा ने उन दोनो को देखकर प्रसन्नना व्यक्त की लेकिन उनके सलोने रूप को देखकर आश्चर्य प्रगट किया और क्रोधित होकर अपनी तलवार सम्हालने लगा। लेकिन जैसे ही दोनो क्षुल्लिक, क्षुल्लिका युगल ने राजा को शुभाशीर्वाद दिया, उसके यश की कामना की तथा करोड वर्ष तक जीने का आशीर्वाद दिया इससे राजा का क्रोध कम हुआ। उन दोनो के रूप को देखकर वह दग रह गया और इतनी छोटी उम्र मे साधुवेष अपनाने का कारण जानना चाहा लेकिन क्षुल्लक ने कहा कि वह जानकर क्या करेगा। वह तो पाप बुद्धि मे फसा हुआ है। उसके हाथ मे तलवार है। ससार को पाने की उसकी इच्छा है। लेकिन राजा ने उससे फिर निवेदन किया। राजा की प्रार्थना को सुनकर क्षुल्लिक ने अपने जीवन का इतिवृत्त कहना प्रारम्भ किया।

उज्जयिनी का राजा यशोध था। चद्रमती उसकी रानी थी। दोनो ही सुन्दरता की मूर्ति, सम्यक्त्वी एव श्रावक धर्म को पालने वाले। जब चन्द्रमती के पुत्र रत्न उत्पन्न हुआ तो उसका नाम यशोधर रखा गया। नगर मे विभिन्न उत्सव किये गये। पाच वर्ष का होने पर उसे उपाध्याय के पास पढने भेजा गया।

तथा वहां उसने सभी विद्याओं में पारगता प्राप्त की। काव्य, अलंकार, तर्कशास्त्र, सिद्धांत, नाटक, ज्योतिष, वैद्यक, आदि सभी शास्त्रो का अध्ययन किया। यही नहीं संगीत, नृत्य आदि मे प्रवीणता प्राप्त की। उपाध्याय को इस उपलक्ष मे एक लाख दीनार भेंट की तथा अपना पूरा आभूषण उतार करके दिया। यौवन प्राप्त करते ही विवाह के प्रस्ताव आने लगे। एक दिन कैशक राजा के यहां से विवाह का प्रस्ताव लेकर एक दूत आया। राजा ने विवाह का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया तथा अपने पुत्र का विवाह कर दिया। विवाह के उपलक्ष मे नगर को सजाया गया। बिन्दोरिया निकाली गयी। तेल चढाया गया। तथा गीत गाये गये। उद्यान मे जाकर विवाह किया गया। जब वधु का रूप देखा गया तो सभी प्रसन्न हो गये। वधु को लेकर राजमहल मे गये और सब सुख से रहने लगे। बहुत वर्षों तक राज्य सुख भोगने के पश्चात् राजा यशोध अपने पुत्र यशोधर को राज्य देकर स्वय ने जिन दीक्षा धारण करली।

यशोधर एव रानी यशोवती राज्य करने लगे। जीवन आनन्द से बीतने लगा। एक तो योवन, फिर सुन्दरता, राज्य वैभव एव परस्पर मे घना प्रेम, सब कुछ दोनो के पास था। इसलिए वैभव मे दिन व्यतीत होने लगे। एक रात्रि को जब राजा-रानी एक पलग पर सो रहे थे। अर्धरात्रि का समय आते ही रानी अपने पलग से उठी और पूरे अभूषण पहिन कर महलो से नीचे चलने लगी। राजा को जब जाग हुई तो वह भी तलवार लेकर रानी के पीछे-पीछे चलने लगा। राजा ने देखा कि रति के समान रानी एक कोढी के पास गयी तथा उसके चरण पकड कर जगाने लगी। कोढी के हाथ-पाँव गल गये थे। शरीर से दुर्गन्ध आ रही थी। उस कोढी ने रानी को देर से आने पर उसे खूब मारा लेकिन रानी ने ऊफ भी नही कहा और देर से आने के लिए क्षमा मागने लगी। राजा ने जब यह सब अपनी आखो से देखा तो क्रोधित होकर उसे तलवार से मारने लगा लेकिन फिर सम्भल गया। और वापिस अपने महल मे जाकर सो गया। जिस रानी के साथ जीवन बिताने मे राजा को आनन्दानुभूति होती थी अब उसे वह जहर के समान लगने लगी।

प्रातः काल होने पर जब उसकी माता जिन पूजा आदि से निवृत होकर राजमहल मे आयी तो राजा ने रात्रि स्वप्न की बात कही तथा स्वप्न की भयकरता को देखते उसने वैराग्य लेने की इच्छा प्रगट की। लेकिन माता ने उसे कायरता बतलाया तथा कहा कि कुलदेवी के आगे बलि चढ़ाने से सारे उपद्रव दूर हो सकते हैं। लेकिन यशोधर ने किसी भी जीव की बलि देने से साफ इन्कार कर दिया। माता

ने उसे पुनः समझाया तथा जगत मे जीवो के जन्म मरण की बात कही लेकिन यशोधर ने एक भी नहीं सुनी। अन्त मे आटे का कुकुडा बनाकर देवी के मन्दिर में गया और देवी के आगे उसे मार दिया और इस प्रकार हिंसा का बन्ध कर लिया।

सुकौसल ने भी वैराग्य लेने का निश्चय कर लिया। उसके वैराग्य लेने की सूचना तत्काल चारों ओर फैल गयी। नगर में हाहाकार मच गया। जिसने सुना वही रोने बिलखने लगा। रानियों के विलाप का हृदयविदारक दृश्य था। कवि ने इन सबका अच्छा एव प्रभावोत्पादक वर्णन किया है—

एक झूरि एक करि विलाप, एक कहि इम लागु पाप।

हा हा करीनि कूटि हीउ, आज अतेउर सुनु थऊं।

एक अबला लाखि सिणगार, एक तोडी नवसर हार।

चीर दोर एक भाजि वाली एके धरणि पडी टल वाली।

सुकौसल के वैराग्य लेने के पश्चात् सारा घर ही चौपट हो गया। राजमाता महिदेवी बुरी तरह विलाप करने लगी और महल से गिरकर आत्मघात कर लिया। वह आर्त्तध्यान से मरने के कारण अगले जन्म मे व्याघ्रिणी बनी।

इस प्रकार पूरा काव्य विभिन्न वर्णनो से ओतप्रोत है। सभी वर्णन स्वाभाविक है। नगर वर्णन, सुकौसल जन्म, शिक्षा-दीक्षा, शत्रु देशो पर आक्रमण एव उनमे विजय, सौन्दर्य वर्णन, विषय दु ख वर्णन, विरह वर्णन, तपस्या वर्णन, परिषह वर्णन, आदि सभी वर्णन एक से एक निखरे हुये हैं। कवि ने उनमे जीवन डाला है इसलिये वे सभी सजीव बन गये हैं।

सुकौसल यद्यपि राजकुमार थे। दु ख को कभी जाना ही नहीं था। लेकिन जब तपस्या करने लगे तो गर्मी, सर्दी एवं वर्षा की भीषणता की जरा भी परवाह नही की। भाद्रपद मास मे डास एव मच्छर भयंकर रूप मे सताते लेकिन वे तो आत्मध्यान मे रहते। सर्दियो मे जब ठण्ड से सारा शरीर कांपता था तब भी वे एकाग्रचित्त होकर नदी किनारे ध्यान करते रहते। गर्मियो मे दोपहर की वेला, तपती हुई शिलाए और तेज धूप सभी तो एक से एक बढ कर ध्यान मे बाधक थे। कवि ने इन सभी का अपने लघु काव्य मे अच्छा वर्णन किया है—

ताती वेलू तपती सिला, ते उपरि तप साधि भला।

माथा उपरि सूरज तपि, निभर कर्म घणेरा खपि॥

एक ओर वह व्याघ्रिणी सुकौसल के शरीर को खाने लगी। दूसरी ओर सुकौसल मुनि आत्म ध्यान मे इतने लीन हो गये कि शारीरिक कष्ट का उन्हें भान ही नही हुआ। और वे कर्मो की निर्जरा करने लगे। अठारह दोषो से रहित होकर पाच महाव्रतो का पालन करने लगे।

कर्म टालि टालि प्रतिहि सुजाण

अटवी मांहि एकलु मन माहि आतम ध्यान आणि ।

परमानन्द सेवि सदा जाणि धर्म विचार ।

बिहि मुनिवर प्रति सूयडा हुवि लेंसू भव पार

व्याघ्रिणी द्वारा भयकर आक्रमण का एक वर्णन देखिये—

बाघिणी घर हरि तिणि अबर थरहरि

पीडा न जाणिए ना तरतणीए ।

एह पापिणी पीड न जाणि मडलां एहना करणी

पु छउ लाली उ ची उडि थर थर धूजी धरणी ।

छन्द—प्रस्तुत काव्य में चौपई एवं दोहा छन्द की प्रमुखता है लेकिन अन्य छन्दो मे ढाल हीडोलानी, वस्तुबन्ध छन्द का भी प्रयोग हुआ है । पूरा काव्य गेय काव्य है जो गाया जाकर जन मानस मे सुकौसल के प्रति श्रद्धा के भाव उ डेलता है ।

भाषा--भाषा की दृष्टि से काव्य राजस्थानी भाषा का काव्य है । मांगु, लागु, घिरि घिरि सिणगार, आपणु, जनम्यु सु धु जैसे क्रिया-पदों एव अन्य शब्दो का प्रयोग बहुतायत से हुआ है । सागु कवि का यद्यपि गुजरात से सम्बन्ध था लेकिन गुजराती भाषा का प्रयोग नही के बराबर हुआ है । फिर भी कही कही क्लिष्ट शब्द भी प्रयोग हुआ है उससे यह काव्य सामान्य पाठको के पल्ले नहीं पडता ।

नगरों का वर्णन

अयोध्या के विशेष वर्णन के साथ २ अपने इस काव्य मे कितने ही प्रदेशों एव नगरो का उल्लेख किया है । इससे काव्य के प्रति आकर्षण सहज ही बढ गया है । गोपाचल (ग्वालियर) उज्जयिनी, गुर्जर देश, सोरठ (सौराष्ट्र) कोकण, लाड, मरहठ (महाराष्ट्र), कन्नड (कर्नाटक) मेदपाट (मेवाड) मुलतान, खुरासाण, मरुस्थली (मारवाड), हथणाउर (हस्तिनापुर) पोयणपुर (पोदनपुर), चम्पापुर, पावापुर, अगदेश, बगदेश, मगध, चीण (चीन) पचाल, राजग्रही, आदि के नाम उल्लेखनीय है ।

समाज वर्णन—सुकौसल चुपई मे सामाजिकता वर्णन के प्रसग बहुत कम आये हैं । पुत्र जन्म, आदि के अतिरिक्त कोई विशेष वर्णन नही मिलते । लेकिन

राजा भी राजपाट छोड़ कर साधु जीवन ग्रहण कर लेते थे तथा कभी-कभी छोटी अवस्था मे भी वे मुनि जीवन अपना लेते थे। साधुओं का समाज पर विशेष प्रभाव था।

इस प्रकार 'सुकौसल चुपई' हिन्दी के आदिकाल की एक उत्तम कृति है। जिसके प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। काव्य की पूरी कथा का सार निम्न प्रकार है।

कथा

इस पृथ्वीतल पर असंख्यात द्वीप हैं। उनमें जम्बूद्वीप सबके मध्य में स्थित है। उसी जम्बूद्वीप मे भरत क्षेत्र है जिसकी विशेष महिमा है। उसमे अयोध्या नगर है जहाँ दान पुण्य होता रहता है। धनिक लोगों की जहाँ घनी बस्ती है। गरीब तो कहीं दिखता ही नहीं। नगर में चौरासी चौपड हैं तथा दुकानों की तो सख्या करना भी कठिन है। नगर की पूरी लम्बाई-चौड़ाई १२ योजन प्रमाण है। वहाँ ऊंचे-ऊंचे मकान थे जिन पर ध्वजाएं फहराती रहती थी। महलों मे बैठी रमणियां शृंगार करती रहती थी तथा जिनमे अमूल्य धन राशि संग्रहीत थी। नगर उद्यान, सरोवरों से युक्त था तथा जिसमे अनेक महल थे।

इसी अयोध्या नगरी मे 'कीर्तिधवल' राजा सपरिवार राज्य करता था। उसकी रानी महिदेवी थी जो सुन्दरता की खान थी। एक दिन कीर्तिधवल के मन मे जगत से वैराग्य हो गया तथा उसने मुनि दीक्षा लेने का भाव प्रकट किया। उसने अपने मन्त्रिमण्डल के सदस्यो को बुलाया और दीक्षा लेने के विचार उनके सामने रखे। वे उस समय तक पुत्रहीन थे इसलिये प्रधानमन्त्री ने उनसे पुत्रोत्पत्ति तक वैराग्य नही लेने के लिये निवेदन किया। क्योंकि पुत्र के अभाव मे सारा राज्य ही समाप्त हो जावेगा। कुछ समय के पश्चात् रानी गर्भवती हो गयी। रानी ने पुत्र जन्म दिया तथा उसका नाम सुकौसल रखा गया। बालक को छिपाकर रखा गया जिससे राजा को पता नही चल सके। एक बार सरोवर पर बालक के वस्त्र धोने गयी थी तभी बात ही बात मे एक ब्राह्मण से दासी ने कह दिया कि रानी सुकौसल को पाल रही है। ब्राह्मण के मन मे बात कब रुकने वाली थी। उसने तत्काल राजा से पुत्र होने की बात जाकर कह दी।

सारे नगर मे पुत्रोत्सव मनाया गया। गुडी उछाली गयी। राजा ने ब्राह्मणों को खूब दान दिया। याचको को वस्त्राभूषण से तृप्त कर दिय.। रानी महिदेवी राजमहल मे गयी। राजा ने बालक को गोद मे लिया। उसे खिलाया, पालना झुलाया तथा प्रजा की पालना करना ऐसा कहा और उसका राजतिलक करके राजभवन से चल दिया। राजा के इस आचरण से नगर में हाहाकार मच गया।

रानी महिदेवी के दुःख का ठिकाना ही नही रहा। वह विलाप करने लगी कि किस प्रकार राजा के बिना उसका जीवन कैसे व्यतीत होगा। वह पति होते हुये भी अनाथ हो गयी।

जैसे तैसे करके रानी ने अपना मन लगाया। पुत्र का पालन होने लगा। आठ वर्ष का होने पर उसने सभी कलाओ को सीख लिया। कुछ दुष्ट राजाओ ने जब उसके राज्य मे लूटमार प्रारम्भ की तो सुकोशल बालक होने पर भी लडने को तैयार हो गया। माता ने उसे बहुत मना किया। लेकिन सुकौसल ने एक नही मानी। उसने सभी मित्र राजाओ को पत्र लिखा। और सेना एकत्रित करके युद्ध के लिये प्रस्थान कर दिया। चतुरगिनी सेना तैयार हो गयी घुडसवार, रथ सवार, आदि योद्धा तैयार होकर चलने लगे। ढोल ढमाके बजने लगे। सख फूक दिया गया। एक रथ मे स्वय राजा बैठे। उसके साथ ही अन्य वाद्य यन्त्रो के साथ शहनाई बजने लगी।

राजा सुकौसल अपनी सेना के साथ सर्व प्रथम मथुरा नगरी पहुँचा। वहाँ हाहाकार मच गया। यमुनापुरी को नष्ट कर दिया गया। उसके पश्चात् अयोध्या नगरी आये। वहाँ से गगा किनारे पर आकर पडाव डाला। गोपाचल के राजा से दड लेकर छोड दिया गया। इसी तरह उज्जैन नगरी के मामले मे भी दण्ड स्वरूप उसे अपने मे मिला लिया। चारो ओर सुकौशल की जय जयकार होने लगी। कोई अपनी कन्या देकर, कोई हाथ पैर जोडकर अपनी जान बचाने लगे। इसके पश्चात् गुजरात, सौराष्ट्र, कर्णाटक, लाडदेश, महाराष्ट्र, काशी देशो पर विजय प्राप्त की। विधाधरो के साथ उसने लका पर विजय प्राप्त की।

सुकौसल का मेदपाट (मेवाड मुलतान, हस्तिनापुर, पोदनपुर, पाटलीपुत्र, आदि नगरो मे जोरदार स्वागत हुआ। अष्टा पद (कैलाश) के चैत्यालयो की उसने वन्दना की इसके अतिरिक्त अगदेश, बगाल, मगध, पचाल, राजगृही नगरी के राजाओ से दण्ड लेकर उन्हे छोडा गया। इस प्रकार चारो दिशाओ मे अपूर्व विजय प्राप्त करके पद्मनी रानी से विवाह करके, हाथी, घोडे, रत्नभण्डार एव विशाल सेना के साथ सुकौसल ने नगर मे प्रवेश किया। राजा के स्वागत के लिये स्थान-स्थान पर तोरण द्वार लगाये गये, मगल गीत गाये गये। महिदेवी माता ने दौड करके पुत्र को गले लगाया।

राजा सुकौसल आनन्दपूर्वक राज्य करने लगे। तथा उसकी रानिया राजा को अपने विभिन्न हाव भाव शृगार आदि से प्रसन्न रखने लगी। एक-एक बरस व्यतीत होने लगा। सोलहवे वर्ष के आते ही माता ने अपने रक्षको से

कहा कि यदि कोई साधु नगर मे आता हुआ दिखाई पडे तो उसे नगर मे प्रवेश नहीं मिलना चाहिए ।

कुछ समय पश्चात् कीर्तिधवल मुनि उधर आये । नगर के बाहर ठहर गये । मुनि के शरीर पर घाव का चिह्न देखकर महिदेवी ने उसे पहिचान लिया । वह रोने लगी । सुकौसल राजा ने इस बात को सुन लिया । अपने पिता मुनि को आहार न मिलने की बात से उसे और भी दुःख हुआ । और वह भी दुखित मन से वहीं चला गया जहाँ मुनि बैठे हुए थे । सुकौसल ने वन्दना की तथा मुनि से उपदेश सुना । और स्वय ने वैराग्य लेने की घोषणा कर दी । अपने प्रिय पुत्र के वैराग्य लेने के समाचार से उसकी माता को अत्यधिक पीडा एव संताप हुआ और परिणामो की सक्लेशता के कारण वह मर कर व्याघ्रि योनि मे उत्पन्न हुई ।

सुकौसल मुनि तपस्या करने लगे । ग्रीष्म ऋतु में पहाड की शिला पर, वर्षा-ऋतु मे गिरिकन्दरा में, शीत ऋतु मे बर्फ पर उन्हे आत्मध्यान करने में बडी प्रसन्नता होती । बारह भावनाओ का वे निरन्तर मनन करते, आर्त्तध्यान एव रौद्रध्यान का उन्होने सर्वथा परित्याग कर दिया, अठारह दोषो से वे रहित होने लगे । चारो कषायो को छोड दिया, आठ प्रकार के मदो का त्याग कर दिया, बाईस प्रकार की परिषहो एव पन्द्रह प्रकार के प्रमादो से वे मुक्त हो गये । इस प्रकार की अवस्था को प्राप्त होने पर जब वे एक दिन तपस्या मे लीन थे वह व्याघ्री घूमती हुई उधर आ निकली वह भूखी थी इसलिये उसने तपस्या मे लीन मुनि के एक-एक अग को खा लिया । लेकिन मुनि का ध्यान भी सर्वोच्च था । वे जरा भी विचलित नही हुए और तेरहवे गुणस्थान मे पहुँच गये । उन्हे कैवल्य हो गया और तत्काल मुक्ति पद को प्राप्त किया तथा जन्म मरण, सुख दुःख से सदा के लिये मुक्ति हो गये ।

व्याघ्रिनी ने शरीर को खाने के पश्चात् जब उसने अंगों के निशान देखे पाव के नीचे का कमल चिह्न देखा तो उसको पूर्व भव का भान हो आया । वह स्नेह विह्वल होकर रोने लगी । एक मुनि के उपदेश से उसने जीव हिंसा न करने का निश्चय ले लिया और अनशन करके देह त्याग दिया और स्वर्ग प्राप्त किया ।

सुकोसल राय चुपई

जिन मुख्य वाणी २ मनि धरेस ।
पाय लागी पूंजा रचुं सदा सिद्धि समत्ति मागुं ।
अनुकपा करु अह्य तणी देवाध्यदेव तह्य चलणि लागुं ।
कर जोडी सांगु कहि सदगुरु सेव करयोस ।
कुयर सकोसल चुपही हुं सख्येप भण्योस ॥ १ ॥

दूहा

भाव भगति मनसु धरी सेवुं सीमंधर स्वामि ।
सागु कहि मनमा हरि जिम सरिस सवि काम ॥ १ ॥
भूत भाव्य सम्रनि वर्त्तमान सिद्ध साधु जेह नाम ।
अरिहत अर्या आरीया तेहनि करू प्रणाम ॥ २ ॥

चुपई

अवनी दीप असंख्या जाण, ते मध्य जबूदीप प्रमाण ।
भरत क्षेत्र जे नामि सुणु, तेह तणु महिमा अति घणु ॥ ३ ॥
तेह मध्य नयर अयोध्या एक, दाम पुण्यनु लहि ववेक ।
धनवत लोक दीसि अति घणा, प्रभव नही तिहा कोही तणा ॥ ४ ॥
चउरासी चहुटा अतिसार, सेरी हाट तणु नही पार ।
जोयण वार ते फिरतु वसि, तिणि दीठि नर हीयडु हसि ॥ ५ ॥
घिरि घिरि बध्याचरिके काण, घिरि घिरि राउत गुडि नीसाण ।
घिरि घिरि नारी करि सिणगार, घिरि घिरि वदी जय जयकार ॥६॥
घिरि घिरि सोवण दीजि घणां, घिरि घिरि नही मोती नीमणा ।
घिरि घिरि रयण अमूलइक जेह, घिरि घिरि नही लक्ष्मी नु छेह ॥७॥
वावि सरोवर लागु वाद, ठामि ठामि दीसि प्रसाद ।
झालिर ढोल कसाला गुडि, नित परमेसर पूजा चेडि ॥ ८ ॥
कविता कहि मुखि जिह्वा एक, नयर तणु किम कहु विवेक ।
ए ऊपम किम जाइ कही, जोता जमलपुरी कां नही ॥ ९ ॥

दूहा

अयोध्या नयरी अति भली, उत्तम कहीइ ठाम ।
राज करि परिवार सुं, कीर्त्ति धवल तस नाम ।। १० ।।
तस घरि राणी रूयडी, रूपवंत सुवसेष ।
सहिदेवी नामि सुणु, भक्ति भरतार बिवेक ।। ११ ।।
एक दिवस मनि चीतवि, मन माहि आण्यं ध्यान ।
बिषय तणां सुष परिहरी, साधि मुगति निधान ।। १२ ।।

चुपई

राइ प्रधान ते डाव्या सही । राज तणी सीषामणि कही ।।
घन योवननि जोषिम घणुं । सहिजि शरीर नही आपणुं ।। १३ ।।
अह्मे दीक्षा लेसुं बनि जाई । पच महाव्रत पालुं सही ।।
मुगति तणा सुख जोवा काजि। तिणि कारणि हु मेल्हुं राज ।। १४ ।।
कहि प्रधान सुणु वीनती । पुत्र बिना किम थासु यती ।।
राज भार सुतनि संभालि । पछि महाव्रत निश्चल पालि ।। १५ ।।
परधानि राजा प्रीछव्यु । नयर मोहि उछव नव नवु ।।
सहिदेवी ग्रभ धरिउ जिसि । राय मदिर थी टाली तिसि ।। १६ ।।
राइ कहि राणी किहां गई । व्याध विशेषि विह्वल थई ।।
इणि भोलावि राख्यु भूप । जु सुत जन्म्यु असभम रूप ।। १७ ।।
सहिदेवी सुत जन्म्यु जेह । दीधु नाम सकोशल तेह ।।
आपणि मंदिरि छाना बिहि । उग्यु सूर न ढांक्यु रहि ।। १८ ।।
कुयण तणा अबर जे वली । वनि लेई महिलीनी कली ।।
ऊजडि रान सरोवर जेह । तिहां जाई वस्त्र पषालि तेह ।। १९ ।।
ते सरपालि ब्राह्मण अछि । तिणि वटतर पूछ्यू पछि ।।
ऊजडि रानि आवि सा भणी । तेविमासण छि मुझ घणी ।। २० ।।
दासि कहि सुणि ब्राह्मण बाल । कुंयर सकोशल पालि माति ।।
जु सुत जन्म्युं जाणि राउ तु तप लेईनि वनमाहि जाइ ।। २१ ।।
तिणि अवसरि ब्राह्मण वलकल्यु । लेई भेट राजानि मल्यु ।।
तीहारि सुत जन्म्युं संसारि । वणि महोछवि दान दे बारि ।। २२ ।।

नयर माहि गूडी उछली। रायतणी मनि पूगी रली ॥
बधा मणी ब्राह्मणनि दीध। जन्म लगि अयाच कीध ॥ २३ ॥
सहिदेवी राइ मंदिर गउ। जाई कुंयर उचेलि लीउ।
खोलि लेई हूलरावि बाल। तुं करजे परजा प्रतिपाल ॥ २४ ॥
तिलक करी राजा सचर्‍यु। हाहाकार नयर माहि थऊ ॥
राजभार लेई सुंप्यु बाल। लीधी दीख्या परजा पालि ॥ २५ ॥
आस्या वेल होती ब्रह्म तणी। ते छेदी वनि चाल्यु धणी ॥
सहिदेवी दुख आणि घणु। पूरब पुण्य नही ब्रह्म तणु ॥ २६ ॥

दूहा

सहिदेवी झरि घणुं, हीयडा आगिल बाल।
रे रे कुंयर सलख्यणा, किम नीगमसु काल ॥ २७ ॥
अंतेउरऊ धधलु, ऊभी मेल्ही आथि।
एकह प्रीयडा कारणि, हवि हूया निरनाथ ॥ २८ ॥
सयम लेवा सचर्‍या, तज्यु तरण जिम राज।
महल्यु मोह मही तणु, मुगति तणा फल काजि ॥ २९ ॥
पटक लेई गलि बधीउ, कुंयर विसारयु पारि।
आगिए कुल उजलुं, सुदा सुमारग वाटि ॥ ३० ॥

चुपई

सुकोसल की शिक्षा दीक्षा

पुत्र प्रशंसा माता करि। नहाल रूडा हरषि उचरि।
आपणि आणदि बेलि बाल। ते देखी वीसर्‍यु भूपाल ॥ ३१ ॥
वरस आठनु थउ जेतलि। सर्व कला सीख्यु ते तलि।
सोवणनी परिझलकि देह। सेवक सजन सहू नव नेह ॥ ३२ ॥
राय तणी छिल धुवीवेश। दुर्जन मिली विणासि देश।
राय आगिल को न कहि इसि। असन भणी हीउ छांडसि ॥ ३३ ॥
शस्त्र तणुए न लहि स्रम। भूझ तणु छि दारुण कर्म्म।
सेवक बात करि सवि मली। तितलि नृपकाने साभली ॥ ३४ ॥

राइ सकोशल बोलि इसुं । पिसुण भली मुझ करसि किसुं ।
मछरचड्यु बोलि तीणी बार । पिसुण सवे मनावुं हार ।। ३५ ।।
इसुं बाली राजा संचर्‌यु । तब सहिदेवी बांहि धर्‌यु ।
तुं लघुवेसी नाहुं बाल । कटक समा किम मलसु ताल ।। ३६ ।।
कुंयर कहिउं संभलि मात । पिसुण तणी छि थोडी बात ।
भाजि नयर देश लूटीई । पूणी पिठी किम छूटीइ ।। ३७ ।।

दूहा

राइ प्रधान तेडावीया, राय राणा सहू तेड ।
दुर्जन आव्या ढूकडा, हवि न कीजि जेड ।। ३८ ।।
चीठी चाली चिहुं दिशि, कहि सकोशल धीर ।
आसा आणि अम्ह तणी, ते रहीमपीसु नीर ।। ३९ ।।
वाजित्री बहूतेडीया, देवाडी रण भेर ।
सबल हीउ राजा तणुं, जाणे अचल गिरि मेर ।। ४० ।।
प्रस्थानुं परगट कर्‌यु, निपूठि दीधुं गाम ।
राइ सकोशल इम कहि, फेडुं दुर्जन ठाम ।। ४१ ।।

चुपइ

सुकोसल द्वारा विभिन्न देशो पर विजय

राजा सीषम साहाणी कही । सार तुरंगम छोडु सही ।
कर डाव्या हाडा नील किसोर् गंगा जल बहू हरीया छोड ।। ४२ ।।
पवन वेगी पीलाछितुरी । पाणी पथा महूडा हरी ।
कलघा कबर कज्जल देह । हीसारव जिम गाजि मेह ।। ४३ ।।
तुरी पलाणीध्या असवार । तेह तणु नवि लाभि पार ।।
मेगल माता ढलकि ढाल । दुर्ज्जन तणां सला विशाल ।। ४४ ।।
ते उपरि नेजा लह लहि । अंबरि लागी वातह कहि ।
रथ जोप्या जेहवा गिरि माल । ते उपरि बिठा महिपाल ।। ४५ ।।
ढोल धसूके कंपि मही । सुललित संख बजावि सही ।
रौद्रसाद घोरि नीसाण । कंपि कायर पडि पराण ।। ४६ ।।
बंरंगा भेर झालिर झडझडि । तिणि प्रछदि परबत पडि ।
सरणाई बाजि वर सार । अवर वाजित्रनु न लहुं पार ।। ४७ ।।

रथ बिसी राजा संचर्‌यु । पायक परिगह आगलि करयु ।
हीसारव नवि सुणी इसाद । जाणे सायर मेल्ही मरयाद ।। ४८ ।।
चाल्यां कटक जिम सायर पूर । बेहा रवि नवि सूझि रूर ।
विरीतणा उतारि माण । सूरीपुर जई साध्यु प्राण ।। ४९ ।।
मथूरा नगरी पडीउ त्रास । जमणपुरी नै कीधु नास ।
सामा डामनि सका घणी । आव्यु नयर अजोध्या धणी ।। ५० ।।
साधि भीम सकोसल वीर । कटक पड्‌यु गगानि तीर ।
ते आगलि किहां नाठा टलि । दंड देई राजा नि मलि ।। ५१ ।।
राय तणि मनि पुहुती रली । कटक पहुतु जमणावली ।
गोपाचल नु राजा जेह । देई दड नि मलीउ तेह ।। ५२ ।।
चालि कटक दोयगम बाट । परवत माहि कीधा घाट ।
जे राजा उजेणी तणु । दड लेई कीधु आपणु ।। ५३ ।।

दूहा

लक्ष पंचास सुभट तणु, केकी बाहि पराण ।
कोटी भट कहीइ सदा, कवण सहि तेह बाण ।। ५४ ।।
एक कन्या देइ रूयडी, एके नामि सीस ।
एक रिधि आपि घणी, एक वमता राखि देश ।। ५५ ।।
साह्मा सूर समुभडि, अवर न घालि घाउ ।
रख्या करि प्रजा तणी, सही सकोसल राउ ।। ५६ ।।
पुन्यि लक्ष्मी पामीइ, पुन्यि निरमल देह ।
पुण्यइ रिधि आवि, पुण्य तणा फल एह ।। ५७ ।।

चुपई

गूजर सोरठ प्राणि लीध । नमीयाडा बेदर विस कीध ।
भाजि तखपर पाडि वाट । साध्युं कुंकणनि करणाट ।। ५८ ।।
लाड देश मरहट मलबार । साध्या कन्नड तिणि वार ।
कुंडलपुर नु कहीइबीस । आवी सावण नामि शीस ।। ५९ ।।

राय विद्याधर मलीया बहु । चडी विमाण लंकाग्यू सहू ।
मेघवाहन सुत लंका राइ । मेल्ही भालनि लागु पाइ ।। ६० ।।
सार विसागी प्राणि भेट । समुद्र तणां साध्या सहू बेट ।
सूरा तम सहि जिवाधीउ । हेल मात्र साबर साधीउ ।। ६१ ।।
रांइ कटक मु कीधु बंध । अहूठ लाख सखि साका सिध ।
मेदपाट मुखु सुखलाख । पांडा वलि साध्यु खरलाख ।। ६२ ।।
मरूस्थली बहुलवे बहु जाण । गौड चोडगा जणु बखाण ।
कृषणाउर सु साध्या देश । चौयणपुर कीधु परवेश ।। ६३ ।।
विजयारथनुं करूं बखाण ।। बाहोलसु नगरी तह जाण ।
नयर नयर घर तिजे कोडि ।। इतलां नाम कहुं कर जोडि ।। ६४ ।।
तिणि परवति विद्याधर जग । राय तणि दलि दीठु रग ।
ते प्रससा करि अति घणी । धन जनणी सकोसल तणी ।। ६५ ।।
विजयारथ थु पाछु वलि । नासि देश हुनी खलभली ।
अष्टापद जई नाम्यु सीस । चैत्यालय बंधा जगदीस ।। ६६ ।।
चम्पापुर कुं मल्यु नरेस । सहिजि साध्यु डाहल देस ।
चक्रवर्तिनी परिचालि घणुं । पावापुर कीधु आहणुं ।। ६७ ।।
अंग बंग साध्यं बंगाल । मगध चीण सरिसुं पचाल ।
राजगृही नगरी नृप मल्यु । ते दंड लेई रा पाछु चल्यु ।। ६८ ।।

दूहा

राइ देश सब साधिया, उत्तर दिक्षण जाणि ।
पूरब पश्चिम साधिया । चिहुं दिशि वरती आणि ।। ६९ ।।
लक्ष्मी आणी लक्ष मणी, धन कण कचण सार ।
परणी अलीयल पधराणी, हय गय रयण भंडार ।। ७० ।।

विजय के पश्चात् नगर में प्रवेश

नगरि पधारया आपणि, सूरयवंशी राय ।
तालीया तोरण बंधाइ, घरि घरि मंगलचार ।। ७१ ।।
मदिर आव्या मा तणि, अधिक सकोसल सूत्र ।
सहिदेवी साईए मलि, उंडलि लीधु पुत्र ।। ७२ ।।

अथ ढाल हींडोलानी

मदिर आव्या आपणि साहेलडी रे, घरि घरि मंगलाचार ।
सजन व लोक व वरमभु सा० । रयण अमूलिक सार ।। ७३ ।।
प्रससा जलणी करि सा० । घन घन साहस धीर ।
देश सविमि साधिया सा० । जीतु सकोसल वीर ।। ७४ ।।
मेघाडबर रूयडु सा० । उपरि छत्र धराइ ।
सिहासण सोहि भलु सा० । पात्र नचावि नु राइ ।। ७५ ।।
प्रजा सहू सुख भोगवि सा० । दुखीय न दीसइ कोइ ।
देवाले पूजा चडि सा० । भगति करि सहू कोइ ।। ७६ ।।
वाडी निरूपी रूयडी सा० । तरूयर मुहिर गभीर ।
तिहा नि सोहि षडोकली सा० । भरीयां छिति जल नीर ।। ७७ ।।
करि सकोसल भीलशु सा० । तरूणीय तणा रे धलूर ।
पूरव पुणिइ पामीउ सा० । सहीय सकोसल सूर ।। ७८ ।।

वस्तु

वसत आयु वसत आयु अतिहि आणद,
वनसपति वनि गहि गहि ससरसाद कोयल दीसि ।
रामाराती राइसु नवरग यौवन तरुणि वेसि ।
सामा सवि सोहामणी वश विसूधा नारि ।
राय सकोसल खेलवा सुंदरि कीया शृंगार ।। ।। ७९ ।।

अथ ढाल

राती पगनी थाणही ए दीसि तुंकूलोल ।
तुराता दत दाडिम कली ए राता मुषह तबोल । तु ।। १ ।। ८० ।।
काला काचू पहिरती ए, काली वेणी देषि तु ।
काली कस्तूरी महि महि ए, काली काजल रेष ।। २ ।। ८१ ।।
लीला चरणा पहिरती ए, दीसि नव नव रंग तु
नीला मणिती मुंदडीए, नीला पान सुरंगतु ।। ३ ।। ८२ ।।
पीला सोवण सोहती ए, पीली चूडी बाहि तु ।
पीली झालि झलामलीए, पीला केर स्यांह तु ।। ४ ।। ८३ ।।

ऊजल अक्षर झबकती ये ऊजल रयण अपार तु ।
ऊजल दरप्पण नरषती ए, ऊजल मोतीय हार तु ।। ५ ।। ८४ ।।
झीणि कटिबंध कामिनी ए झीणी सुललित वाणि तु ।
झीणीय वेण बजावती ये झीणा वस्त्र प्रमाणं ।। ६ ।। ८५ ।।
चंपु मरूअ मालती ए सोहि सेवंत्री फूल तु ।
वालुवेल सोहामणी ए टोडर अति बहिकंत तु ।। ७ ।। ८६ ।।
केसर तरीय कंबोलडी ए मलयागर महिकत तु ।
छाटरूडा प्रीयसुं करि ए रयसु रातीय रंगि तु ।। ८ ।। ८७ ।।
पुष्प लेई लेई ताडती ए आपणा स्वामीय अंगितु ।
सोलकला सिसि सोहती ए जेहवु पूनिम चद तु ।। ९ ।। ८८ ।।
अतेउर माहिउ पीउ ए इन्द्राणी माहि इन्द्र तु ।
क्रीडा करी घरि आवीया ए आविल नाचि रंभ तु ।। १० ।।
चोया चदन महि महि ए मृग मद अतिहि सुरंभतु ।। ११ ।।८९ ।।

दूहा

नित नित इणी परि रमि मुगध सभा महीपाल ।
सुख सायर माहि झीलतां जातु न जाणि काल ।। १२ ।। ९० ।।
पुन्यि कीरति उजली, पुण्यि अख भडार ।
पुणिइ पिसुण पीडि नही, पुण्य प्रथवी माहि सार ।। १३ ।। ९१ ।।
सहिदेवी इम उच्चरि, सांभल तु प्रतीहार ।
यती जोए तु आवतु, परिहरि नगर दूयार ।। १४ ।। ९२ ।।
धर्म कथा जु सभलि तु, मनि वसि विराग ।
सोले वरसे सकोसलु तु, करसि सवि त्याग ।। १५ ।। ९३ ।।

चुपई

आव्या मुनिवर आदर नही । राज भवनि रखवाला रहि ।
यती बारे वा कीधु कर्म्म । राइ न जाणि तेह नु मर्म ।। १६ ।। ९४ ।।
छठा मास तणि पारणि । आव्यु पोल तणि बारणि ।
सहिदेवी तस मांडी मीट । कीरत धर तस नमणे दीठ ।। १७ ।। ९५ ।।
सहिदेवी मनि मछर थउ । योवन भरि मुझ मेल्ही गउ ।
सेवकनि सीषामणि देइ । तु मुनिवर ज्या पोलि वेह ।। १८ ।। ९६ ।।

चल्या मुनीस्वर काढि वया । काउसग लेईनि वन माहि रह्या ।
देवी वाच ते ऊलवी थई । नयणे नीर भरि त्या रही ।। १६ ।। ९७ ।।
तेह रोयंती राजा सुणी । भणि नृप रोइ सा भणी ।
वाच कहि उचार वात । आहारज पाम्यु ताहाक तात ।। २० ।। ६८ ।।
ते राणी ते सेवक एह । भगति भली परिकतरां जेह ।
सहू सवारथ आपा पखि । स्वामि न राष्यु घरि कारखि ।। २१ ।। ६६ ।।
हुं राजकरूं वन सेवि बाप । एता कमि कमि लागि पाप ।
महारुतात मनावी सेस । विवध प्रकारि भगति करेस ।। २२ ।। १०० ।।
इसु बुधी मांबरीउ राय । पमलां जो तु घालु आइ ।
रूदन करि मनि विह्वल थउ । जिहा मुनिवर तिहां

राजा गउ ।। २३ ।। १०१ ।।

जई सकोसल नामि सीस । तह्यो कहि उपरि आणु रीस ।
काया कष्ट करूकां घणु । राजरिधि सहूइ तह्य तणु ।। २४ ।। १०२ ।।
माहारि नही संसारि काज । तिणि कारखि मि छोड्यु राज ।
राज तणां छि कारण जेह । सांभलि वच्छ

सकोसल तेह ।। २५ ।। १०३ ।।

बडे बडे राजे नृप हूत । ते परलोके गया बहूत ।
राज रिद्धि सहूई घरि रही । ते उभी मेल्हीय्या सही ।। २६ ।। १०४ ।।
पुत्र कलित्र कहिनु परिवार । कहिना लक्ष्मी कहिनी नारि ।
अभ्र पटल जिम दीसि मेह । तिसु कहीइ संसार सनेह ।। २७ ।। १०५ ।।

दूहा

विषय तणां सुष रूयडा, साभलि राय सुजाण ।
सुख हुइ सरस बस, दु ख ते शेर प्रमाण ।। २८ ।। १०६ ।।
विषया केरी वेलडी, जेह न छेदी जाणि ।
धारि फूली फल गागेसी, त्यारि दुख देसि निरवाण ।। २६ ।। १०७ ।।
जे नर नारी माहीया, सुणि न सकोसल भूप ।
ते नर कहीइ बापडो, पड्या ससारह कूप ।। ३० ।। १०८ ।।
विषय तणा सुख परिहरी, खंडेवा भवपार ।
चलणे लागु गुरु तणे, मागि संयम भार ।। ३१ ।। १०६ ।।

चुपई

सुकोसल के वैराग्य के कारण विलाप

तिहां मली सहू आव्युं जिसि । पाल्हा पुर मंते डर तिसि ।
राय राणी सहू माथि मान । पायलागी कीनवि प्रधान ।। ३२ ।। ११० ।।
असन अकुरा न सहि हेत, बालपणि तप करवु केत ।
हवडा रहु अजोध्यां माहि, वृद्धि पाणि तप लेयो राय ।। ३३ ।। १११ ।।
राई कहिमि छोडी मा साथ, पदक आस्युं परधानहू हाथ ।
गर्भाधान प्रसव जेहसि, ते राजा पृथ्वी पालसि ।। ३४ ।। ११२ ।।
मेह्ला सोवण जडित अवास, मेहली घरि घोडानी ह्रास ।
मेह्ली छि अबला सवि सती, आपणा स्वामीनि
नरखती ।। ३५ ।। ११३ ।।
मेह्ला सजन सहू परिवार, मेह्ला मोती रयण भंडार ।
कर्मतणां बहू बंधन टलुं, तिणि संयम लीधु उजलुं ।। ३६ ।। ११४ ।।
जे होता राणा राजीया, आप आपणे घरि सहू गया ।
केतला रह्या तप लेइ अबला सहू वलावी देइ ।। ३७ ।। ११५ ।।
एक भूरि एक करि विलाप, एक कहि इम लागुं पाप ।
हा हा करीनि कूटि हीउ, आज अंतेउर सुनुं थउं ।। ३८ ।। ११६ ।।
एक अबला लाखि सिणगार, एके तोडी नव सर हार ।
चीर दोर एक भाति वली, एके धरणि पडी
टलि वलि ।। ३९ ।। ११७ ।।
प्रजा सहू बुबा रव करि, वली वली राजा संभरि ।
भूप तिरस सवि निद्रा गई, सूनुं नयर ते दीसि सही ।। ४० ।। ११८ ।।
गुख चडी सहिदेवी जोइ, पुत्र मनावी लावि कोइ ।
नयर तणा जब आव्या लोक, माता मनि धराउ
सोक ।। ४१ ।। ११९ ।।

माता की दशा

पुत्र तणी जब छूटी आस, पडी प्रथ्वी मति न लहि सांस ।
घडी बिचार अचेतन हूइ, नाखि वाय तब बिठी थई ।। ४२ ।। १२० ।।
मछर चडी मनि आणि रीस, लेई पाथरनि कूटि सीस ।
धरणी लोटि पाडि रीव, हीउं फाटी सनि जाइ जीव ।। ४३ ।। १२१ ।।

दूहा

सूनां ते मन्दिर मालीया, सूनु दीसि पाट ।
ए दुख किहि आगलि, कहु तुव सति उठी बाट ॥ ४४ ॥ १२२ ॥
योवन भरि प्री परिहरी, अनि पुत्रि आप्यु छेह ।
रे रे पामर प्राणीया, अजीय न छोडि देह ॥ ४५ ॥ १२३ ॥
बुंबा रव बहुली कहि, त्रोडि ते वेणी दंड ।
गुख चडी झपावीउ, सरीर करयुं सत षंड ॥ ४६ ॥ १२४ ॥
आरति पामी अति घणी, आतम घात पसाउ ।
मोह करयु मनि पुत्रनु, वाघणि थई बन माहि ॥ ४७ ॥ १२५ ॥

वस्तु

सूर सकोसल २मनि धरि भाव भगति विवेक ।
भली करि सेवि सगुद्रु पाय मन माहि जाणी ।
धर्म दया गुण आगलु त्रण गुप्ति मन माहि आणी ।
च्यार कषाय मनि मेल्ह सुं इंद्री दमन करयोस ।
गर्भवास दुख दोहिला तु मुगति तणा
फल ल्योस ॥ ४८ ॥ १२६ ॥

चुपई

सुकोसल की तपस्या

वर सालि वृछ हेठल्नि रहि, मेह तणी धारा सहि ।
तरुयर पान पछि नीतरि, तिमतिम कर्म सवे निरजरि ॥ ४९ ॥ १२७ ॥
भाद्रवडा गिरि किंदर रहि, डास मछर ना चटका सहि ।
झड माझी वरसि विकराल, बाघ सिंघ बह डहि
डढाल ॥ ५० ॥ १२८ ॥
कासग धरी महाव्रत पाल, वेला चडि वलि सेवा काल
तरूयर जाणी अहि रूवडि, पग तले डाभसी जडि ॥ ५१ ॥ १२९ ॥
तप साध्यु नयलनि तीर, विस्त्र विहूणा दीसि धीर ।
सीयालि शिर हीमजठरि, तिमतिम तप घणा आचरि ॥ ५२ ॥ १३० ॥
महा मास घणु जामिहीम, नीझण रहि न लीपि नीम ।
पडिटाढ तिहिं अच्छज घलि, मेर तणी परिचिलन
चलि ॥ ५३ ॥ १३१ ॥

उछालि फल वाजि वाय, तडका ताप सहि मुनिराउ।
डुंगर बलि दव दाफि जेह, तरूयर छांह न सेवि तेह ॥ ५४ ॥ १३२ ॥
ताती वेलू तपती सिला, ते उपरि तप साधि भला।
माथा उपरि सूरज तपि, तिमर कर्म सरीरां षपि ॥ ५५ ॥ १३३ ॥
कासग लेई उभा निरधार, जाणे थंभ रोप्या तिणी वार।
देसि देह जिर्सा पांजरां, आठ कर्म कीधां जाजरां ॥ ५६ ॥ १३४ ॥
द्वादश अनुप्रेक्षा अणसरि, बार भेद तप सूधु करि।
आरत रौद्र तज्यु तिणी वार, आतम हस लीउ
आधार ॥ ५७ ॥ १३५ ॥
पाचि इन्द्री ते परिहरि, सेष तावीस विषि निरजरि।
दोष अठारह अलगा जेह, पच महाव्रत पालि तेह ॥ ५८ ॥ १३६ ॥
सहस अठारि पालि सील, मुगति तणा फल लेवा लील।
च्यार कषायना छेद्या मूल, तप करता तृष्णा गई तूल ॥ ५९ ॥ १३७ ॥
आठा मदनु भाजि मोड, जिणि निरदलीउ काम कठोर।
वावीसह परीसा सवि सहि॰ पनर प्रमाद न उभा रहि ॥ ६० ॥ १३८ ॥

वस्तु

व्याघ्री द्वारा सुकोसल का भक्षण

कर्म टालि कर्म टालि अतिहि सुजाण।
अटवी माहि एकलु मन माहि आतम ध्यान आणि।
परमानद सेवि सदा जाणि धर्म विचार।
मुनिवर अतिसूयडा हवि लेसु भवपार ॥ ६१ ॥ १३९ ॥

दूहा

जे जलणी मुनिवर तणी, सहिदेवी री साल।
ते भूषी वन माहि भमि, वाघिण थइ विकराल ॥ ६२ ॥ १४० ॥
भूष तिरस बहु सेववी, सोधंती वन माहि।
दीठा मुनिवर रूयडा, मछर धरयु मन माहि ॥ ६३ ॥ १४१ ॥

राग विराडी

सहि गुर बोलि रे मन रषे डोलि रे
सीहिए आवि सूर सलक्षणा ए

बुझ तणी यामनी मुझ तणी कामनी आतम वालिग
बाघिण हुई ए ।। चउपाइ ।।

आतम जाति बाघिण थई रे आपण सरसी वालि ।
मछर चडीमलपती आदि पूरव दुःखमनि सालि ।
एह तणा परिसि सहिस पराणा ताहारि कुण कहु तीलि ।
सीहिण आवि सूर सकोसल मुनिवर इणी परि
बोलि रे ।। १ ।। १४२ ।।

वल तुनि इम भणि कांई मधुरी वाणी गुरु सुणि ।
आपुण काया इसु कीजिइए ज्यांरा गति माहि अवतरयु ।
चुरासी लष रउवडयु छेहलानि भवनुए जो खोलीउ रे ।। च. ।।
छेहला भवनु एह बोलीउ हवि आतम सत साधु ।
सद्‌गुरु केरी सेव करी निरूपातीत आराधुं ।
सुध चिद्रूप जोया गति जाणुं हरष घणु मनि ब्रह्म तणि ।
कासग करीनि अणसण लीधुं तु गुरु वरति इम भणि ।। २ ।। १४३ ।।
साह्मानि द्रिष्टि रे सीहिण चाहिरे दीठा नि मुनिवर
बिहि रूडयाए ।
बाघिणी थरहरि तिणि अवर थरहरि पीडा न जाणिए
तो परतणीए ।। च. ।।
एह पापणी पीडन जाणि मइलां एह ना करणी ।
पुछउ लालीउंची उडि थर थर धूजि धरणी ।
इहि रती डाढा गरि लीधु मछर घणु मन माहि ।
ध्यान धरी गुरु आगलि उभा साहमी द्रष्टि काहि ।। ३ ।। १४४ ।।
कांई बल भरीबुं किरे नषरतणा घामुं किरे ।
ध्यान न चूकि मुनिवरनि न तणुं ए ।
मछर चडी मोडिरे धसी रव घघोलि रे जगतणो पडघाए
जो पीडा करिए ।। च. ।।
गुण तणे पडिघाइ करांनि मुनिवरनु सिर चूरि ।
किकराली तिहा वलगिबिरहि विसमेमहुर वलूरि ।

ए परीसह सहिवा कुण समरथ ऋषि तरुयर मुकि ।
सीह नार्दत करी सिर वंडि वाघिण कल करी मुकि रे ॥ ४ ॥ १४५ ॥

वस्तु

हसणि वंडि हसणि वंडि अति बहिण
रोस नखरि व डारि देह दहि उपघात करि अति बल प्रबारिण ।
अग छेदन शरीर भेदन मछर चडी तनु तारिण ।
रुहिर पीइ रणि रातडी सोखि सर्व सरीर ।
परीसह सहि वाघिण तणु ध्यान न मूकि धीर ॥ १ ॥ १४६ ॥

दूहा

चुथि पाइ पछ वडिनि, साधि सुकल सध्यान ।
गुणस्थानिक ग्यु तेरमि, उपनु केवल न्यान ॥ १ ॥ १४७ ॥
स चराचर व्यापी रह्यु, न्यान करी मह जेह ।
आपि आप जऊ लप्यु, आगु सर्व सवेह ॥ २ ॥ १४८ ॥
केवल न्यानि नरखतां, व्यापि लोक अलोक ।
हाथ तणी थणा लीहडी, तिम देखि त्रिलोक ॥ ३ ॥ १४९ ॥
बधन काट्यां करमनां, जन्म जरानार जान ।
पुण दुःख छुटु संसारनां, पामु मुगति निधान ॥ ४ ॥ १५० ॥

चुपई

जिहां आकार न दीसि सोई । कर्म तणा नवि बंधण होइ ।
जामण मरण तणां दुख नही, ते ठाम सकोसल
पाम्यु सही ॥ ५ ॥ १५१ ॥
भूष तिरस नही निद्रा नाम, वर्ण न गंध सदा सुख ठाम ।
रूप न राग निरंजन जेह, पाम्यु ठाम सकोसल तेह ॥ ६ ॥ १५२ ॥
मुनिवर सरीर पड्यु तिहां सही, वाघिण भक्ष करि
तिहां रही ।
तेह कलेवर करि आहार, अंगि चिह्न दीठां तिणि वार ॥ ७ ॥१५३ ॥
पग तलि दीठु पयज सार, करतलि दीठच छ प्रकार ।
नयण सुरखा ते नरखती, रातरि रेख दशनि झलकती ॥ ८ ॥ १५४ ॥

मंगि चिह्न दीठुं ते तणि, चित चमकी मनि आपणी।
खोलि लेई देती पय पान, तिणि अवसरि
ते आवी सानि ॥ ६ ॥ १५३ ॥

ढाल वणजारानी

मुनि द्वारा व्याघ्रिणी को उपदेश

सहि गुरु बोल्या ते बार एवडुं अखेत्र कांइ आदर्‌युं
चेतहईडलारेनं कसमल भरयु रे भडार।
आज सकोसल वध करयु रे। चेतह। ॥ १५६ ॥
पूरव प्रीति सभारए ताहरी कूषि जो अवतर्‌यु।
अवतर्‌यु कूखि, रुहिर सोखि पिंड पोखितुं तणु। ॥ १५७ ॥
ससारि सगपण कांई न जाणि पुत्र ए परिभव तणु।
रीस गाढी प्राण काढी वपु घर्‌यु वाघिण तणु। ॥ १५८ ॥
सिहि गुरु बोल्या तिवारि ए बडु अखत्र काइ आदरयु ॥
वाघिण करि रे विलाप पूरव भव मनि चीतवि ॥ चे ॥ १५९ ॥
मोह धरयु मन माहि ढोर तणी परि ढाढहि ॥ चे ॥
ढाढहि ढोरज तणी पिरि दुख सभारि अति घणुं।
सीस कूटि जीभ त्रुटि उदर फाडि आपणुं। ॥ १६० ॥
परजल्यु पंजर रोस पूरीहोइ दुख सालि सवि।
वाघणि करि रे विलाप पूरव भव मनि
चीतवि ॥ चेत ॥ २ ॥ १६१ ॥
सहि गुरुदेइ प्रतिबोध आप हत्या जीव मा करे ॥
कीधां छि करम कठोर, वलीरे नवा काइ आदरि ॥ १६२ ॥
लागी छि सहि गुरु पाय, मुनिवर वाणी मनि धरि ॥

व्याघ्रिणी द्वारा पश्चाताप एवं अनशन लेना

साभलीय मुनिवर तणीय वाणी रौद्र आरत परिहरि।
क्रोध टाली क्षांति आणी भाव हीयडा सु धरी। ॥ १६३ ॥
अणसण लीधुं काज सीधुं देवलोक ज अवतरी।
सहि गुरुदेइ प्रतिबोध आप हत्या जीव मा करे ॥ ३ ॥ १६४ ॥
काशग लेई निरधार मुनिवर वन माहि तप करि ॥
अचल उभु जाणे मेर देहडी दमि नित आपणी ॥ १६५ ॥

ध्यान धरि महावीर तारन जेहनि कोइ नहीं ॥ चे. ॥

तीरज तेहनि कोन दीसि महत्त सरिसुं मबडि । ॥ १६६ ॥

सुक्ल ध्यान परवेश कीधुं गुणस्थानिक म्यु तेरमि ।

उपनुं केवल महा निरमल मुगति नारी ते वरि ।

कासय लेई निरधार मुनिवर वन माहि

तप करि ॥ चे. ॥ ४ ॥ १६७ ॥

दूहा

मुनिवर बिहि मुगति गया, सहिदेवी स्वर्ग सार ।

सांधु कहि इम उच्चरु, जिम पामु भवपार ॥ १६८ ॥

॥ इति श्री सकोसल राय चुपई समाप्तः ॥

ब्रह्म गुणकीर्त्ति

ब्रह्म जिनदास के सात शिष्य थे। जिनके नाम हैं ब्रह्म मनोहर, ब्रह्म मल्लिदास, ब्रह्म गुणदास, ब्रह्म नेमिदास, ब्रह्म धर्मदास, ब्रह्म शान्तिदास एवं ब्रह्म गुणकीर्त्ति। ये सातों ही शिष्य साहित्य सेवी थे तथा ब्रह्म जिनदास को साहित्य निर्माण में सहयोग दिया करते थे। ब्रह्म जिनदास ने अपनी विभिन्न कृतियों में अपने शिष्यों के नामो का उल्लेख किया है। लेकिन उन्होंने अपनी कृतियों में जिस प्रकार दूसरे शिष्यो के नामों का उल्लेख किया है उस प्रकार ब्रह्म गुणकीर्त्ति का उल्लेख नहीं मिलता है। इससे पता चलता है कि ब्रह्म गुणकीर्त्ति उनके कनिष्ठतम शिष्य थे और उनके सम्पर्क में भी बहुत बाद मे आये थे। यदि ऐसा नहीं होता तो ब्रह्म जिनदास उनका उल्लेख किये बिना नही रहते।

गुणकीर्त्ति नाम के एक भट्टारक भी हो गये हैं जिनका पट्टाभिषेक सवत् १६३२ मे डूंगरपुर मे बडे उत्साह से हुआ था।[1] लेकिन हमारे नायक गुणकीर्त्ति तो ब्रह्मचारी थे। उनके गार्हस्थ एव साधु जीवन के सम्बन्ध मे नामोल्लेख के अतिरिक्त अधिक कुछ नही मिलता। कवि ने अपनी एक मात्र कृति मे चित्तौडगढ के नाम का दो बार उल्लेख किया है इससे यह तो अनुमान लगाया जा सकता है कि कवि का सम्बन्ध चित्तौडगढ़ से रहा होगा लेकिन उनका शेष जीवन किस प्रकार व्यतीत हुआ इसकी अभी खोज होना शेष है।

ब्रह्म गुणकीर्त्ति की एक मात्र कृति "रामसीतारास" अभी तक हमारे देखने मे आयी है। इसके अतिरिक्त कवि की और कितनी कृतियां हैं इसके सम्बन्ध मे कुछ नही कहा जा सकता। लेकिन रामसीतारास को देखते हुए इनकी और भी कृतियां कहीं मिलनी चाहिये। ब्रह्म जिनदास ने सवत् १५०८ मे विशालकाय रामरास की रचना की थी। अपने गुरू की विशाल कृति होने पर भी गुणकीर्त्ति के द्वारा एक लघु रास काव्य के रूप में राम के जीवन पर कृति लिखने का अर्थ यही हो सकता है कि पाठकों की संक्षिप्त रूप मे राम कथा को जानने की इच्छा रही होगी।

---

1. राजस्थान के जैन सन्त–व्यक्तित्व एवं कृतित्व–पृष्ठ १४०

प्रस्तुत रामसीतारास की पाण्डुलिपि उसी गुटके में संग्रहीत है जिसमें भट्टारक सोमकीर्ति, ब्र० यशोधर एवं अन्य कवियों के पाठ हैं। मुझे तो ऐसा लगता जैसे इस गुटके के पाठों का संकलन मैंने ही अपने उपयोग के लिये कभी किये थे। प्रस्तुत पञ्चम भाग के अधिकांश पाठ इसी गुटके में से लिये गये हैं।

रामसीतारास एक खण्ड काव्य है जिसमें राम और सीता के जन्म से लेकर लंका विजय के पश्चात् अयोध्या प्रवेश एवं राज्याभिषेक तक की घटनाओं का संक्षिप्त वर्णन किया गया है। इसमें १२ ढालें हैं जो ११ अध्यायों का काम करती है। जैन कवियों ने प्राचीन काल में इसी परम्परा को निभाया था। महाकवि ब्र० जिनदास ने भी अपने रास काव्यों को ढालों मे ही विभक्त किया है। यह गीतात्मक काव्य है जिसकी ढालो को गा करके पाठको को सुनाया जाता था।

समय—रामसीतारास का रचना काल तो मिलता नहीं जिससे स्पष्ट रूप से किसी तथ्य पर पहुंचा जा सके लेकिन ब्र० जिनदास का शिष्य होने के कारण तथा गुटके के अन्य पाठों के समय निर्णय के देखते हुये प्रस्तुत रास को सवत् १५४० के आस पास की रचना होनी चाहिये। ब्र० जिनदास का सवत् १५२० तक का समय माना गया है। प्रस्तुत कृति उनकी मृत्यु के पश्चात् निबद्ध होने के कारण उक्त रचना काल मानना उचित रहेगा। इसी तरह हम इस कृति के आधार पर ब्र० गुणकीर्ति का समय भी सवत् १४९० से १५५० तक का निर्धारित कर सकते हैं।

भाषा—रास की भाषा राजस्थानी है यद्यपि गुजरात के किसी प्रदेश में इसकी रचना होने के कारण इस पर गुजराती शैली का प्रभाव भी स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है लेकिन क्रिया पदो एव अन्य शब्दो को देखने से यह तो निश्चित ही है कि कवि को राजस्थानी भाषा से अधिक लगाव था। विचारीउ (विचारकर) माडीइ (माडे) आवीयाए (आये) यानकी (जानकी) घणी (बहुत) पाणी (हाथ) आपणा (अपना) घालीइ (डालना) जाणुए, बोलए, लीजिए जैसे क्रिया पदों एवं अन्य शब्दो का प्रयोग हुआ है।

सामाजिक स्थिति—रामसीतारास छोटी-सी राम कथा है। कथा कहने के अतिरिक्त कवि को अन्य बातों को जोड़ने की अधिक आवश्यकता भी नहीं थी उनके बिना वर्णन के भी जीवन कथा को कहा जा सकता था लेकिन कवि ने जहां भी ऐसा कोई प्रसंग आया उसके वर्णन में कवि ने सामाजिकता को अवश्य स्पर्श किया है। प्रस्तुत रास में रामसीता के विवाह के वर्णन में सामाजिक रीति-रिवाजों का वर्णन मिलता है। राम के विवाह के अवसर पर तोरण द्वार बांधे गये थे।

मोतियो की बांदरवाल लटकायी गयी । सोने के कलश रखे गये । गंधर्व एवं किन्नर जाति के देवों ने गीत गाये । सुन्दर स्त्रियो ने लवाछना लिया । तोरण द्वार पर आने पर खूब नाच गान किये गये । सास ने द्वाराप्रेक्षण किया । जब चंवरी के मध्य आये तो सौभाग्यवती स्त्रियो ने बधावा गाया । लग्न वेला में पंडितों ने मंत्र पढ़े । हथलेवा किया गया । खूब दान दिया गया ।

उस समय वृद्धावस्था आते ही अथवा अपनी सन्तान का विवाह होने के पश्चात् सयम लेने की प्रथा थी । सयम लेने के लिये सभी प्रकार के सांसारिक ऋणों से मुक्ति ली जाती थी । कर्ज चुकाया जाता था । दशरथ को भी अपने दिये हुये वचनों को निभाने के लिये केगामती की दोनों बातो को मानना पडा ।

नगरों का उल्लेख—राम लक्ष्मण एव सीता जिस मार्ग से दक्षिण मे पहुंचे थे उसी प्रसंग मे कवि ने कुछ नगरो का नामोल्लेख किया है । ऐसे नगरों मे चित्तुडगढ (चित्तौड) नालछिपाटण, अरुणग्राम, बशथल के नाम उल्लेखनीय हैं ।

वर्णन की दृष्टि से अध्ययन—कवि ने रामकथा की लोकप्रियता, जन-सामान्य मे उसके प्रति सहज अनुराग, एव अपनी काव्य प्रतिभा को प्रस्तुत करने के लिये रामसीतारास की रचना की थी । महाकवि तुलसी के सैकडो वर्ष पूर्व जैन कवियों ने रामकथा पर जिस प्रकार प्रबन्ध काव्य एव खण्ड काव्य लिखे यह सब उनकी विशेषता है । जैन समाज मे रामकथा की जितनी लोकप्रियता रही उसमे महाकवि स्वयम्भु, पुष्पदन्त एव रविषेणाचार्य का प्रमुख योगदान रहा है । तुलसी ने जब रामायण लिखी थी उसके पहिले ही जैन कवियो ने छोटे-बडे बीसो राम काव्य अथवा रास लिख दिये थे । ब्र० गुणकीर्त्ति का रामकाव्य भी इसी श्रेणी का है जिसका सक्षिप्त अध्ययन निम्न प्रकार है—

काव्य का प्रारम्भ—कवि ने सर्व प्रथम जिन स्तुति की है जो ऋषभदेव से लेकर मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकर स्तवन के साथ समाप्त होती है । दशरथ साकेता नगरी के राजा थे अपराजिता उनकी महारानी थी । इसके अतिरिक्त सुमित्रा, सुभमती एव केगामती ये तीन और रानिया थी चारो रानियो के एक-एक पुत्र हुये जो राम, लक्ष्मण, शत्रुघ्न एव भरत कहलाये । जनक मथुरा के राजा थे । विदेहा उसकी रानी थी । सीता उसकी पुत्री थी जिसको वैदेही भी कहा जाता था । सीता बहुत सुन्दर थी । कवि ने उनकी सुन्दरता का निम्न प्रकार वर्णन किया है—

ते गुणह ग्राम मन्दिर काम रूपधाम रसातली ।
चन्द्रवदना मृगह नयना सघन घन तन पाताली ।

ते हाव भाव विलास विभ्रम लावण्य अधिका ।
गौरवर्णं सुवर्णं छाया सुगंध परिमल कूपिका ।।७।।

सीता का स्वयंवर रचा गया । अनेक राजा महाराजाओं ने इसमें भाग लिया । धनुष चढाने की शर्त थी लेकिन धनुष चढाने में जब अन्य राजाओं को सफलता नही मिली तो दशरथ ने अपने पुत्र राम से धनुष चढाने के लिये कहा । राम ने पिता की आज्ञा को शिरोधार्य करके आनन्दित मन से धनुष चढा दिया ।

आपणा पिता तणी वाणी सुणनि स्वामी अणदीया ।
सिह जिस सिंहासण मेल्हीय सकल सुर नर वंदीया ।।
वंदीय इन्द्र ते कनकधारे रत्न वरिषा करि घणी ।
जय जयारव साधु कलिरव ऊधा तब तिहुयण धणी ।।१०।।

× × ×

निरमलह वेदीय उपरि चडि करि वाम हस्ति धनुलीउ ।
दक्षिण हस्ति गुण धरिवि रामिवि आवर्त्त चढावीयो ।
टणकर नादि दह दिसि, गगन मडल टलटल्या ।
पाताल शेषनि असुर सुर नर, दैत्य दाणव खलबल्या ।।१७।।

राम द्वारा धनुष चढाते ही सागर हिलोरे लेने लगा, सुमेरु पर्वत कापने लगा, कितने ही तालाब फूट गये, देवता जय-जयकार करने लगे, सुगन्धित वायु बहने लगी एवं भ्रमर झकार करने लगे ।

जयो जयो श्रीराम देवह कठि वरमाला घालीयि ।

स्वयम्वर मे वरमाला द्वारा पति स्वीकार करने के पश्चात् राम और सीता का विवाह हुआ । लग्न मडप तैयार किया गया । तोरण द्वार बांधा गया । मोतियों की बादरवाल लटकायी गयी । स्वर्ण कलश रखे गये । स्वय राम भी विभिन्न अलंकारो से सज्जित किये गये । गंधर्व एवं किन्नर गा रहे थे । उनके सिर पर छत्र सुशोभित थे । चंवर ढोले जा रहे थे तथा सौभाग्यवती स्त्रियां मगल गीत गा रही थीं तथा लवाछना ले रही थीं ।

राम जब तोरण द्वार पर आये तो सब आनन्दित हो गये । उनकी सास ने द्वारा प्रेक्षण किया और जब लगन मंडप में आये तो सौभाग्यवती स्त्रियो ने बधावा

गाया। पंडितों ने लगन पढ़ा तथा शुभ बेला में विवाह सम्पन्न हुआ। हथलेवा हुआ। चारों ओर जय जयकार के मध्य राम और सीता का विवाह सम्पन्न हुआ।

> विदेहा अक्षाणु लीधु, साथू वर पुंखणु कीधु।
> वर चवरी माहि आव्या साहासणीयि बधाव्या।
> पंडित बोलए मंत्र, लगन तणा आण्या मंत्र।
> सुभ वेला तिहा जोइ, वरति मगल सोई ॥६॥
>
> अब योग सघलुउ भागु, सुलगनि हथोलु लागु।
> तब हूउ जय जयकार, परणीय यानकी नार ॥७॥

राम के विवाह के पश्चात् लक्ष्मण, भरत एव शत्रुघ्न इन तीनो भाइयो का भी सुन्दर कन्याओ से विवाह हो गया। वे सब मथुरा से अयोध्या लौट आये और राज्य सुख भोगने लगे। कुछ समय पश्चात् दशरथ ने वैराग्य लेने का विचार किया। उन्होने अपने इस विचार को सभी को बता दिया। मन्त्री परिषद् की मीटिंग बुलाकर राम को राज्य तिलक देने की घोषणा कर दी। दशरथ की इस घोषणा से चारो ओर प्रसन्नता छा गयी। लेकिन भरत की माता केगामती को राम का राजा बनना अच्छा नही लगा। उसे चिन्ता हुई कि राम के राजा बनते ही भरत को उनकी आज्ञा माननी पडेगी। पहिले तो उसने भी दीक्षा लेने की सोची लेकिन बाद मे भरत के प्रति मोह के कारण उसने अपना विचार बदल दिया। और राज्य सभा में जाकर दीक्षा लेने के पहिले दिये हुए दो वचनो की पूर्ति करने के लिये दशरथ से कहा।

> षणुयन मागु देव भरत नरेसर थापयो।
> दिउ मुझ पुत्रनि राज, तो स्वामी सयम लीयो ॥१२॥

अब दशरथ ने केगामती के प्रस्ताव सुने तो तत्काल भरत को राज्य देने का निश्चय किया गया। वैराग्य लेने के पूर्व सासारिक ऋणों से मुक्ति पाना आवश्यक माना जाता है क्योंकि जिसके कर्ज होता है उसे दीक्षा नही दी जाती।

> धाचारण पिता तणु पुत्र उतारि इस जाणीइ।
> केगामती का पुत्र भरतह राज देवा आणीइ।
> राम स्वामी सुगति गामी पिता भाव तें जाणीउ।
> भरत कुमरह बांहि साही रामि राज सभा माहि आणीउ ॥

भरत को राज्य देने के पश्चात् राम पिता के चरण छूकर तथा धनुषबाण हाथ में लेकर अपने भाई लक्ष्मण एवं पत्नी सीता के साथ वन को चल दिये।

राम पिता पवि वेप लागी, धनुषबाण ले करि लीउ।
बंधव लक्ष्मण सहित स्वामी सीता सांथि वनवास गउ ॥

राम वनवास में चले तो गये लेकिन अयोध्या उनके बिना सूनी हो गयी। चारों ओर हाहाकार मच गया। दशरथ तो कितनी ही बार मूर्च्छित हुए लेकिन दोष किसको दिया जावे। कर्मों की लीला विचित्र होती है—

राम गये वनवास कर्मना अपर किम दीजिए।
दोस म दीजि काम मूरछा आवी धरणी परयुए।

राम का वन गमन—

अयोध्या से राम मेवाड देश मे आये और चित्तौडगढ गये। वहाँ से वे तीनों नलकक्षपुर मालछिपाटण) आये। विन्ध्याचल पर्वत को पार करने के पश्चात् रामपुरी बनाने का यश प्राप्त किया। फिर सोमापुर आये और तप एव ध्यान करते हुए कुलभूषण एव देशभूषण पर आये हुए उपसर्ग को दूर किया। इसके पश्चात् दण्डकवन मे आकर रहने लगे। और वहाँ भी दो चारण ऋद्धिधारी मुनियों का उपसर्ग दूर किया।

दण्डक वन मे राम सीता और लक्ष्मण रहने लगे। वहाँ भरत का शासन नही था इसलिये एक अलग ही नगर बसाने की योजना के लिये राम ने लक्ष्मण से कहा। लक्ष्मण उपयुक्त भूमि देखने के लिये निर्भय होकर घूमने लगे। शबुक ने लक्ष्मण का मार्ग रोकना चाहा। इस संघर्ष मे लक्ष्मण द्वारा शंबुक मारा गया। खरदूषण की स्त्री चन्द्रनखा अपने पुत्र की देखभाल के लिये वहाँ जब आयी और अपने पुत्र को मरा हुआ देखा तो रोने लगी। जब चन्द्रनखा ने राम सीता तथा लक्ष्मण को देखा तो उसे अत्यधिक क्रोध आया और वह पाताल लोक मे आकर खरदूषण से आकर शिकायत की। खरदूषण चौदह हजार विद्याधरों के साथ वहीं आये जहाँ राम लक्ष्मण थे। लेकिन अकेले लक्ष्मण के सामने वे कोई नहीं टिक सके। इसके पश्चात् चन्द्रनखा रावण के पास गयी और उसने राम लक्ष्मण के बारे में पूरा वृतान्त कहा। चन्द्रनखा की बात सुनकर रावण के हृदय मे राम लक्ष्मण के प्रति विद्रोह हो गया और वह पुष्पोत्तर विमान द्वारा वहाँ पहुंचा। उसने सीता को देखा और उसका हरण करना चाहा। वहाँ उसने मायामयी लक्ष्मण का रूप बनाया और वन में सिंहनाद किया।

राम छला किम हुकं ए रामा, तत्क्षण विद्या समरी माया
वामाभेद जणाव्यो

माया रूपि लक्ष्मण कीयो, सिंघनाद तीणी तब दीयो
लीयो धनुषते बाण

रावण ने सीता का हरण कर लिया और उसे अशोक वाटिका मे रहने के लिये छोड दिया। सीता बहुत रोयी चिल्लायी हाथ पैर पीटे लेकिन उसकी एक भी नही चली।

विलाप करती दुःख धरती राम नाम उच्चार ए
स्वामी लक्ष्मण वीर विचक्षण एह सवर टालए ॥ १ ॥

कवि ने सीता के विलाप एव रावण के साथ वार्तालाप का बहुत अच्छा किया है। इसी तरह राम के विलाप का कवि ने जो वर्णन किया है उसमे दर्द है, वियोग जन्य वेदना है।

सीता सीता साद करता कीधां कर्म ते सहए।
तरवरह डुंगर परति श्रीराम सीता सुधिज पूछए ॥८॥

राम सरोवर के पास आकर चकोर से पूछने लगे कि उसकी सीता कहा गयी। क्या कोई दुष्ट उसे ले गया अथवा किसी व्याघ्र ने उसका भक्षण कर लिया अथवा किसी सिंह के मुख मे पड गयी।

पूछए सुधि श्री राम नरेश्वर सरोवर काठि ऊभु रही रे।
कहु न चकोर तम्हे चक्रवाकी दीठी सीतल मुझ सही रे।
सहीय सीता हरण हवो कवण पापी लेइ गयो।
कि व्याघ्री आवी भक्षण कीध तेह तणो कटिण हीयो।
सार्दूल सकल कि सिंघ स्वापद सती सीता मुखि पडी।
वनह मज्झिम कोई मेहली कवण पुहुती यम घडी ॥९॥

धीरे धीरे सीता हरण का रहस्य खुलने लगा। सुग्रीव ने सीता हरण की पूरी बात राम को बता दी। साथ ही रावण की शक्ति एवं वैभव का भी उसने अच्छा वर्णन कर दिया जिससे राम लक्ष्मण को भी उसकी शक्ति का पता चल जावे। लेकिन राम को तो यह भी पता नही था कि लंका किस दिशा मे है। जब सुग्रीव ने राम की बात सुनी तो वह भी हंसने लगे

राम पूछि कहु न सुग्रीव लंका कवरण दिखाई वसि ।
सुग्रीव तरणो मन वारणी राम तरणी सुख विलसि ॥१४॥

इसके पश्चात् राम ने सुग्रीव की सहायता से युद्ध की बड़ी तैयारी की। सर्व प्रथम हनुमान को अपनी मुद्रिका देकर लंका भेजा और उसमें अभूतपूर्व सफलता लाने के पश्चात् राम ने हनुमान को पूरा सम्मान किया।

रामचंद्र दीउ मान धन धन जनम धन तम्ह पिता ।
धनि जननी कवि भानु । सा० । रामचंद्र दीउ मान ॥

लंका में अपनी पूरी सेना उतारने के बाद भी राम ने रावण से सीता को वापिस लौटाने का प्रस्ताव किया।

सीता दीजि प्रीति कीजि राम राउ भावीइ ।

अन्त में राम रावण के मध्य घमासान युद्ध हुआ। रावण ने चक्र चलाया जो लक्ष्मण के हाथ में आया। वही चक्र लक्ष्मण द्वारा चलाया गया जिससे रावण का अन्त हुआ।

युद्ध में विजय के पश्चात् लंका में चारों ओर राम की जय जयकार होने लगी। मंगल गीत गाये जाने लगे। गरीबों को खूब दान दिया गया। चारों ओर स्वर्ण ही मानो बरसने लगा। इतने में ही नारद ऋषि ने आकर राम से माता के दुःख एवं पुत्र वियोग का वृतान्त कहा। नारद की बात सुनकर तत्काल अयोध्या जाने का निर्णय लिया गया। और पूरे दल के साथ राम लक्ष्मण एवं सीता वहाँ से चल पड़े। राम की सेना बल का कवि ने निम्न प्रकार वर्णन किया है—

नव कोडी तोरगमा तु पायदल कोडि पचास तु,
रथ लक्ष बैयालीस तु, गज तेतला गुण रास तु ।
सोल सहस मुगट बध तु, सेवा करि राम पाय तु ।
लच्छ तणी संख्या नहीं तु बिभीषण आगिल जाइ तु ।

राम ने सपरिवार अयोध्या में प्रवेश किया। उस समय अयोध्या को खूब सजाया गया चारों ओर तोरण द्वार बनाये गये। बाजे बजने लगे तथा जय जयकार के नारों से आकाश गूंज उठा। कवि ने नगर प्रवेश एवं आगे राज्याभिषेक का अच्छा वर्णन किया है।

वाजि दुंदुभि नाद तु, साद सोहामणाए ।
मदन भेरीय झणकार तु, ढोल नीसाण वजाए ।

कुसम वरसिय अकास तु, पंच सबद नादिए ।
झलपत मयमल कुंभि तु, झरइ सुगंध मदए ।।३।।

राज्याभिषेक का एक वर्णन निम्न प्रकार है—

कलस कनकतणां जाणि तु, तीर कने नीरि भरिए ।
पंच रतन तणो चुक तु, पूरीउ मनि रलीए ।
रयण मणिमय थापितु, सिंघासण तिहां बली ए ।

राम ने राज्याभिषेक के पश्चात् लक्ष्मण को युवराज पद, शत्रुघ्न को मदथिन मथुरा का राज्य, विभीषण को लंका का राज्य दिया । हनुमान, नल नील आदि को अलग-अलग उपहार देकर सम्मानित किया ।

कवि ने रास समाप्ति पर अपनी लघुता प्रगट करते हुये लिखा है कि रामायण ग्रंथ का कोई पार नहीं पा सकता । वह तो स्वय ही मतिहीन है इसलिये राम कथा को अति सक्षेप मे वर्णन किया है ।

ए रामायण ग्रथ तु एह नु पार नही ए
हु मानव मतिहीण तु, सखेपि गीत कही ए
विद्वांस जे नर होउ तु, विस्तार ते करिए
ए राम भास सुणेवि तु, मुझ परि दयाधरा ए ।।३४।।

राम को ग्रंथ प्रशस्ति मे कवि ने अपना कोई विशेष परिचय नही दिया है केवल अपने गुरु ब्रह्म जिनदास एव बाई धनश्री एव ज्ञानदास जिनके आग्रह से प्रस्तुत रास की रचना की गयी थी का नामोल्लेख किया गया है—

श्री ब्रह्मचार जिणदास तु, परसाद तेह तणोए ।
मनवाछित फल होइ तु, बोलीइ किस्युं घणुए ।।३६।।
गुणकीरति कृत रास तु विस्तस मनि रलीए
बाई धन श्री ज्ञानदास तु, पुण्यमती निरमलीए ।
गावउ रली रंगि रास तु, पावउ रिद्धि वृद्धिए ।
मनवांछित फल होइ तु, संपजि नवनिधिए ।

प्रस्तुत रास मे १२ ढालें हैं जिनकी पद्य संख्या निम्न प्रकार है—

प्रथम ढाल	१३
दूसरी ,,	१५

तीसरी ,,	१४
चौथी ,,	१४
पञ्चम ,,	[illegible]
षष्ठम ,,	१८
सप्तम ,,	२४
अष्टम ,,	१६
नवम ,,	८
दशम ,,	११
ग्यारहवीं ,,	१५
बारहवी ,,	३८
	२०७

इस प्रकार १२ ढालों मे २०७ पद्य है जो अलग-अलग भास रागों में निबद्ध हैं।

रामसीतारास

ॐ नमः

प्रथमछ प्रणमीइ श्रीय जिन गणहर सारदा
सुंदरि नियगुरुए ।
तस पाय मनिधरी भणबु विविध,
परिसमय सिद्धांतवरी एक चित्त ।

त्रोटक—एक चित्त दृढ करी बदु, भवीयण आदि जिणवर वंदुये ।
अजित संभव धर्मह, धामतणो जिन कदए ।
अभयनंदन सुमति पद्मप्रभ जिन सुपासु ए ।
चन्द्रप्रभह पुष्पयंतह, सीतल श्री गुणवासुए ।१।
गुणहतणा स्वामिश्रेयास जिणवर ।
वासुपूज्य भवहर विमलनाथ ।
अनत धरमनाथ शांति कुंथ अरनाथ ।
मल्लिनाथ जिन मुनिसोव्रत नाथ ।

त्रो०—मुनिहिसोव्रत स्वामि वारि आठमु
हलि उपनु तस तणुय बधव हरि ।
हरषसुं सूरज वसि नीपनु ।
साकेता नयरीय राय दशरथ ।
अपराजिना तस भामिनी ।
लक्ष्मीय मादृस रूप निरुपम ।
चन्द्रवदना कामिनी ।।२।।
चन्द्रवदनी मती सुमित्राए ।
सुभमति श्रीजी राणी केगामती सुप्रजा चुथी ।
च्यारि राणी राया घरे करि ।
राजइणी परे दशरथ पुण्यकरि जयवताए ।।त्रो०।।
जयवत जय जुगिसार सुंदर रामचन्द्र वखाणीइ ।

लक्ष्मीधर अर भरत सत्रुघन चारि पुत्र घर आणीइ ।
कुलकमल दिनकर सकल शास्त्र सुज्ञानवंत महामती ।
देव धरमह गुरु परीक्षण रामचन्द्रह अतिपती ॥३॥
क्षतिपती मथुरांहां नयर नरेसर जनक भूधर वर राज करीए,
तस तणी पटराणी सतीय सिरोमणी,
विदेहा सुंदरी एह गुण धरिए ।
त्रोटक—गुणह तणी जे खाणि वाणी सारद सामिण जाणीइ ।
तेह कूखिधहि सुंदरि यानकीय वखाणीइ ।
कलाज्ञान विज्ञान मपन रूप यूवन अवतरिये ।
जनक तणी पुत्री सीता महादेवी धरमभार तिणी धरये ॥४॥
वरयो धरम आर जनक नरेसर देखीय रूप मनि चमकीउ ए ॥
हक्कारिया परधान राया दीउ बहुमान सयल मली तिहा विचारीउए ।

सीता स्वयंवर

त्रोटक—विचारीउ तिहा सयल भूपति सीता सुयंवर माडीइ ।
अवर राजा दुष्ट दुर्जन तेह तणा मन खाडीइ
नयर बाहिर वन निरोपम मेडा मडप घलावीया ।
ककोतरी चिहु दिश मोकली राय तन सयल भूप बोलावीआ ॥५॥
आवीया सवेमली वशु मुध महावली ।
धगधरा मडलीक आवीयाए ।
मलीयाए च्यारि वंस छत्रीस ए ।
कुलईश तिहा रामनरेश र आवीयाए ॥त्रोट०॥
आवीया चिहुदिश बपटचुरी कनक केरी तिहां घडी ।
रयण माणिक उर मोतीहल हीरा हीर करण घणी जडी ।
भगमयति दह विशि मुद्द सरासन अबरी ऊपरि रुपीया ।
बारदणीयर लघु तेजह तिहा दीसे अतुषे लोपीया ॥६॥
लोपीया शशिकर [illegible] प्रदिकर,
सागरावर्त्त वर धनुयनाम ।
सयल शृंगार करी यानकी सुंदरी,
अवनि उपनि परिसुणह नाम ॥

सीता का सौन्दर्य

ते सुणह ग्राम मंदिर काम रूपधाम रसातली ।
चंद्रवदना मृगहनयना सघनघन तन पातली ।
ते हाव भाव विलास विभ्र मलय लावण्य वापिका ।
गौर वर्ण सुवर्ण छाया सुगंध परिमल कूपिका ।।७।।
कूपिका सुघतली सहीयर ए साथि घणी,
वरमाला लेई पाणी आवीयाए ।
वेदीय उपरि चढावीय,
इणीपरि यानकी सुंदरि आवीयाए ।।त्रो०।।
आवीया जन मन सयल सुंदर देखि राय चमकीया ।
रंभराणी कि तिलोत्तम अंब पदमनि समकीया ।
एह पंच सर वर समरभेदीय अनग रंग बहु उपना ।
चित्त चपल चलंति चलव सकल मनोभाव नीपना ।।८।।

स्वयंवर का वर्णन

नीपना जय जय पच शबद
धन कलिरव करि जन मन उलास ।
बोलए बिरद घना अनेक रायां तणो ।
प्रताप सोहामणा गुण निवास ।।त्रो०।।
गुणनिवास सहास बोलवि, सयल भूपति जोवए ।
अहंकार धरी करी एक उठये धनुष कहि जाई सोवए ।
एक राय उपाव चीतवि धनुष साहामुं जोवए ।
सबल बल अभिमान सुंदर सकल अहंकार खोवए ।।९।।
धोवए पुरुषारथ तव राजा दशरथ ।
सबहुं परिसमरथ इम भणिए ।
उठउ तम्हे राम देवसुरकरि तह्म सेव,
धनुष चढावु हेव आपणुं ए ।।त्रो०।।

राम द्वारा धनुष आरोहण

मनमा पिता तणी वाणी सुणिए स्वामि आणंदीया ।
सिंह जिम सिंहासण मेल्हीय सकल सुर नर वंदीया ।
वंदीया इन्द्र ते कनक धारे रत्नवरिषा करि घणी ।
जय जयारव साधु कलि रव ऊछ्या तम तिहूयण धणी ॥१०॥
त्रिहु वंद तणु राम लागो पिता तणे पाय ।
धनुष साह्यु आय मतिबलूए ।
मलपतु पग मेल्हि वरणि टोडर बोलि ।
नही कोइ राम तोलि निरमलोए ॥त्रो०॥
निरमलह वेदीय उपरि चडि करि वाम हस्ति धनु लीउ ।
दक्षिण हस्ति गुणधरवि रामिवि आवर्त्त चडावीयो ।
टणकार नादि दह दिस्सि गगन मडल टलटल्या ।
पाताल शेषनि असुर सुर नर दैत्य दाणव खलबल्या ॥११॥
खलभल्या सायर अष्ट कुल गिरवर कपीया भूधर तिहां घणाए ।
तडाय कूटां सही थरहरी एह मही जय सही तिहां कही
देवसराणाए ॥त्रो०॥
देव अब्द सुणवि सुंदर सार शृंगार मीराबती ।
करहिं माला कुसम परिमल भ्रमर रण झणकारती ।
हंस गमणीय सुभस रमणीय सीता सिवर आलीए ।
जयो जयो श्रीराम देवह कंठि वरमाला घालीयि ॥१२॥
घालीइ वरमाला सोहए कमला ।
वाम पासे निरमला सभी रहीए ।
सयल विद्याधर सुर नर नर वर ।
कुसुम आंजलि भरी तिहां सहीए ।
कुसमांजलि वलि भरवि,
राजा राम स्वाम अवसकिया ।

जनकभूपति विदेहा राणी साथि देव वर मन भावीया ।
रयण मणिमय जडित धन धन करीय परीयल आरती ।
मोतिय थालि भरीवि सम्बू मनह रंगि वधावती ॥१३॥ (१)

भास मध्यात्व मोडनी

वधावए सविमली निरमली भाभिल भावए पावरे,
धन धन सीतल बहु वर धन धन रामनी मातरे ॥१॥
धन धन एह कुल निरमल सोहए सूरज वंस रे ।
पुरुषोत्तम एह उपनो नीपनो रघुराज हंस रे ॥२॥
सुधन धन राय दशरथ समरथ कौशल्या माए रे ।
रामदेव सेवा मुरं करि समरता पातिक जाइ रे ॥३॥
तव जनक राउ हरषीउ नरखीउ वहूवर चंग रे ।
राजागण तव चरचीउ, रचीउए मंडप रंग रे ॥४॥

विवाह वर्णन

थाभ कनक केरी घडीयाए, जडीयाए रयणमिमा तीरे ।
वेल भरी परवाल डेषण, षण हीरलायोति रे ॥५॥
कुसम माला तिहां लह लहे महमहि परिमल वास रे ।
रिमझिम करि भमरला समरला गावए भास रे ॥६॥
तोरणि कोरणी अतिघणी, मोतीड़े बन्दरवाल रे ।
मण्डप द्वार समारीया समीचिह नाटक साल रे ॥ ७ ॥
पट्ट कूल बहु आणीय जाणीय मण्डप छाउ रे ॥
राय कनक जनकह तिहा सीतल विताय उमाह्य रे ॥८॥
थांभला परतिय निरमली सोहजली लह लहे धज रे ।
सोना कलश माणिक जडी सोभाघडी झलकए तेज रे ॥९॥
छत्रीस कुलीय अति भली च्यारि वंसते आव्या रे ।
इन्द फुणेंद सुचदह मानसि श्रीराम भाव्या रे ॥ १०॥
सयल शृङ्गार ते अङ्गहि रगहि रचीया श्रीराम रे ।

मन्थर किन्नर सुंदर गाबए ते गुण ग्राम रे ।। ११ ।।
भयमल भेमल अतिबल, उपरि ढालि प्रम्बाडी रे ।
चिहुँ दिशाइ गज मेल्हीय हेलीय ओलवे मारी रे ।।१२।।
गज वर पर आरोहीया सोहीया जिम जयमाल रे ।
पञ्च शबद घन बाजए बाजए अम्बर साद रे ।।१३।।
शिरि गिरी छत्र सोहामणा भामणां बोलए चंग रे ।
चमर ढलि गंगा अवणीय जीवन जाणुए गंग रे ।।१४।।
धवल देइ वर कामणी भामणी लुछणां कीजइ रे ।
राम नाम संभरंतहा जनमतणा फल लीजिए रे ।।१५।। (२)

भास श्री हीं ।।

तीसरी ढाल

विवाह उत्सव

लीजइ फल बहुचंग । एक नाचि नव नवरंग ।
कनक धारा मेघ वरसि, देषीय दशरथ हरषि ।
एक आनन्द रस दाखि, बीजीय भावना भावि ।।१।।
छाणबर सहांमु ते चढए, बहु परिस लोका पठए ।
सुललित ते गुणग्राम इसर आलि श्रीराम ।।२।।
बाजां बहु परिवाजिनादि निसाण गाजि
ढोल तिवल भेरी भावा, ताल कंसाल सोहावा ।।३।।
लिम लिम वाजि मृदग, तिवलीय साद सुरग ।
इम वर तोरण आव्या, सजन मनि बहु भाव्या ।।३।।

तोरण एवं विवाह मण्डप का वर्णन

विदेहा अक्षाणु लीधु, सासू वर मु सणु कीधु ।
वर चमरी माहि आव्या, सोहासणीयि बधाव्या ।।५।।
पण्डित बोलए मन्त्र, लगन तणा आव्या यन्त्र ।
सुभ बेला तिहां जोइ, वरति मगल सोइ ।।६।।
अब योग सघलंऊ भागु, सुलगनि हथोलु लागु ।
तव हुउ जय जयकार, परणांय जानकी नार ।।७।।

सजन दान मान दीधा, जनम तणां फल लीधा।
आइ काय होउ आणंद, वाध्यु धर्मनु कंद ॥८॥
इणि परि लक्षमण वीर, अतिबल साहस धीर।
वीजु अनुप जे चंग, सागरावर्त्त उत्तंग ॥९॥
धनुष तीणि ते चडावी, अठार किन्या तिहां आवी।
परणीउ लक्षमण चंग, होउ तिहां अभिनवु रंग ॥१०॥
जनक रायां तणो भाई, कनक राजा ते सरवाई।
तेह तणो बेटी सुभ्रम, परणीउ भरत उत्तंम ॥११॥
अनेक रायां तणी धीय, रूपतणा छइजे लीह।
शत्रुघ्न कुंवर ते सार, ते परण्यु गुणधार ॥१२॥
च्यारि कुंवरि सोहाव्या, परणीय अजोध्या आव्या।
दशरथ राय जयवन्त, भोगवि राज महन्त ॥१३॥
धरम धणु ए विस्तार, पूजि जिणवर सार।
पालिए विविध आचार, दान देई भवतार ॥१४॥ (३)

चोथी ढाल

